Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi
Ranchi ● Saturday, 13 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 116 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**सुविचार**

यह मेरा हैं यह तुम्हारा हैं। ऐसा चिंतन तो संकीर्ण बुद्धि वालों का हैं। उदार चरित वालों के लिए तो पूरी पृथ्वी ही परिवार की तरह हैं।

जल्द ही फिल्म उलझ में नजर आएंगी जाह्नवी

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,027.90 |
| निफ्टी | : | 18,314.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,973 |
| चांदी | : | 78.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## राहुल गांधी को झारखंड HC से मिली राहत रहेगी बरकरार

अंतिम सुनवाई 16 मई को

RANCHI : केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में वायनाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से मिली राहत बरकरार रहेगी। आज सुनवाई के बाद कोर्ट ने इस मामले में अंतिम सुनवाई के लिए 16 मई की तिथि निर्धारित की है। हाई कोर्ट राहुल गांधी को रांची सिविल कोर्ट से जारी नोटिस पर पहले ही रोक लगा चुकी है। एक सभा के दौरान बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित रूप से अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और एमपी राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत 16 मई तक बरकरार रहेगी। हाईकोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए इसी तारीख को चुना है।

## समीर वानखेड़े पर ड्रग केस में 25 करोड़ की रिश्वत मांगने का आरोप

MUMBAI : शाहरुख खान के बेटे आर्यन को क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार करने वाले मुंबई एनसीबी के पूर्व चीफ समीर वानखेड़े के घर पर शुक्रवार को सीबीआई ने छापा मारा। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि समीर ने क्रूज ड्रग्स केस में आर्यन खान को न फंसाने के लिए 25 करोड़ की रिश्वत मांगी थी। समीर के एक साथी ने इस मामले में कथित तौर पर 50 लाख रुपए लिए थे। इसी मामले में सीबीआई ने समीर सहित 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एजेंसी ने इनके मुंबई, दिल्ली, रांची और कानपुर में कुल 29 ठिकानों पर छापेमारी की।

## सीएम ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की दी शुभकामनाएं

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में हमेशा अभूतपूर्व योगदान देने वाले, समर्पण और सेवा की मिसाल देश के नर्स समूह को ढेरों शुभकामनाएं और जोहार।

## रोश्पा टावर की पार्किंग से अवैध वसूली को निगम का संरक्षण, सीएम-नगर आयुक्त को ट्वीट

# वसूली में शामिल लोगों का दावा, मोटी रकम देते हैं अधिकारियों को

CRIME REPORTER RANCHI

रांची के रोश्पा टावर की पार्किंग से अवैध वसूली के तंत्र में कई जिम्मेवार भी शामिल हैं। नगर निगम के संरक्षण में यह वसूली हो रही है। ऐसा दावा, वसूली में शामिल लोगों का है। द फोटोन न्यूज में खबर प्रकाशित होने के बाद फोटोन न्यूज के संवाददाता को एक जनप्रतिनिधि ने कॉल कर कहा कि इस वसूली का बड़ा हिस्सा निगम को भी जाता है। जबकि रोश्पा टावर प्रबंधन भी वसूली में से हिस्सा लेती है। तभी यह वसूली हो रही है।

इधर, रंगदारी स्वरूप वसूली की शिकायत को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उपायुक्त रांची, नगर आयुक्त और एसएसपी रांची को ट्विट कर इसकी शिकायत की गई है। जिसमें कहा गया है कि रांची नगर निगम के नाम पर हर माह पांच लाख से ज्यादा की वसूली हो रही है। निगम की छवि धुमिल भी होने की बात कही गई है। इधर, निगम के अधिकारियों ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

रोश्पा टावर में लगी गाड़ियों की कतार, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं ● फोटोन न्यूज

### ये हैं आरोप

कडरु निवासी सुहैब की ओर से अवैध पार्किंग वसूली को लेकर नगर आयुक्त, उपायुक्त और एसएसपी रांची से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। जिसमें कहा गया है कि रोश्पा टावर की पार्किंग एरिया में खड़ी दो पहिया वाहनों से नगर निगम की पर्ची देकर दस-दस रुपए की वसूली की जा रही है। जबकि पार्किंग एरिया की निगम की ओर से कोई भी टेंडर जारी नहीं की गई है। जो रोश्पा की अपनी पार्किंग एरिया है। रोश्पा टावर के बाहरी छोर, यानी सड़क के ठीक किनारे वाली एरिया में केवल निगम की टेंडर है, जिसके आड़ में अवैध वसूली हो रही। जो एक संगठित गिरोह के द्वारा नगर निगम की पर्ची देकर अवैध ढंग से वसूली किया जा रहा। संबंधित गिरोह के लोग गुंडई करते हैं, उनसे उलझते और मारपीट भी करते हैं। वे हमेशा नशे में धुत रहते हैं। इससे निगम की छवि भी धुमिल हो रही।

### रोश्पा से चोरी बाइक का अबतक नहीं मिला सुराग

रांची पुलिस चोरों को पकड़ने में हर तरीके अपनाती है। चोरों को पकड़ती भी है। लेकिन रोश्पा टावर से चोरी गई बाइक ढूंढना पुलिस के लिए नामुमकिन है। ऐसे में सवाल उठता है, कि पुलिस रोश्पा टावर की पिछले हिस्से से चोरी हुई बाइक क्यों नहीं ढूंढ पाती। चूकि रोश्पा में उन्हीं की बाइक चोरी होती है, जो अवैध वसूली नहीं देते। लाचारी में वे रोश्पा के पीछे अपनी दो पहिया वाहनों को रोश्पा के पीछे खड़ी कर देते हैं। जहां से हमेशा बाइक की चोरी हो रही। आंकड़ों पर गौर करें, तो हर माह बीस से तीस वाहनों की चोरी कर ली जाती है।

# Ranchi Cancer Hospital एवं अनुसंधान केंद्र राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा : CM

SPECIAL REPORTER RANCHI

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार एवं टाटा ट्रस्ट के सामूहिक प्रयास से एक भव्य कैंसर अस्पताल रांची में खड़ा है। आज यह अस्पताल राज्य की जनता को समर्पित किया जा रहा है। निश्चित रूप से रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र राज्य के लिए माइलस्टोन साबित होगा।

सोरेन ने शुक्रवार को सुकुरहुट्टू रोड (कदमा) कांके स्थित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किया है। ऐसे प्रयास प्रतिबद्धता के साथ आगे भी होते रहेंगे। हमारा प्रयास है कि राज्य में ही स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाए ताकि उन्हें राज्य के बाहर अन्य शहरों में इलाज के लिए नही जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में विश्व स्तरीय आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जिससे कैंसर मरीजों का गुणवत्तापूर्ण जांच तथा चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सकेगी। यह अस्पताल लगभग 25 एकड़ भूमि में बना है। धीरे-धीरे यह अस्पताल और बड़ा बनेगा ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के समीप ही मेडिको सिटी के निर्माण की आधारशिला रखेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से आज का दिन राज्य के लिए गौरव का दिन है। मैं टाटा समूह का धन्यवाद एवं आभार करता हूं। साथ ही इस मंच से विश्वास दिलाता हूं कि इस अस्पताल के संचालन के साथ-साथ राज्य के सर्वांगीण विकास में टाटा समूह को हमारी सरकार पूरा सहयोग करेगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र लिए ऐतिहासिक दिन है।

टाटा ट्रस्ट द्वारा स्थापित रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर मील का पत्थर साबित होगा। ट्रस्टी, टाटा ट्रस्ट और वाइस चेयरमैन नोएल टाटा ने कहा कि टाटा ट्रस्ट बीमारी के निदान से पहले उपचार के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, हमारी टीमें जागरुकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ काम कर रही हैं और कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग भी कर रही हैं। हमारी प्रतिबद्ध स्वास्थ्य सेवा टीमों के समर्थन के साथ, हम यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करते हैं कि स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित कैंसर के संभावित मामलों का निदान, उपचार और ठीक होने के बाद की स्थिति की निगरानी की जाती हो, जिससे स्वास्थ्य सेवा की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके।

झारखंड राज्य आरोग्य सोसायटी एवं टाटा मेडिकल सेंटर के बीच इस दौरान एमओयू हुआ। इस एमओयू से झारखंड राज्य के मरीजों को कोलकाता के अत्याधुनिक टाटा मेडिकल सेंटर में कैंसर का विश्व स्तरीय उपचार प्राप्त करने में मदद मिलेगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक डॉ. भुवनेश प्रताप सिंह और टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता के डॉ. पी. अरुण, निदेशक और संजीव कुमार अग्रवाल, मुख्य वित्तीय अधिकारी के बीच संपन्न हुआ।

इस मौके पर विधायक दीपिका पांडेय सिंह, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सीईओ टाटा स्टील टीवी नरेंद्रन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रांची कैंसर अस्पताल का रिबन काटकर उद्घाटन करते सीएम ● फोटोन न्यूज

## होटल ली लैक का नक्शा पास करने का मामला : HC ने कहा

# RRDA के अधिकारियों ने कोई षड्यंत्र नहीं किया

SPECIAL REPORTER RANCHI

झारखंड हाईकोर्ट ने होटल ली लैक के नक्शा विचलन मामले के सभी आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया है। हाइकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने इस मामले की सुनवाई के बाद 5 मई को आदेश पारित किया है। इस आदेश की कॉपी अपलोड कर दी गई है। सीबीआई ने होटल ली लैक का नक्शा पास करने के मामले में वर्ष 2011 में आरआरडीए के तत्कालीन टाउन प्लानर रामकुमार सिंह, तत्कालीन सचिव अजय शेखर, दुगार्नंद मिंज, स्टेट अफसर मनौव्वर आलम, जूनियर इंजीनियर नरेश प्रसाद सिंह व उमेश प्रसाद सिंह को आरोपी बनाया था। निचली अदालत ने इन सभी लोगों के खिलाफ दायर चार्जशीट को स्वीकार करते हुए संज्ञान भी लिया था। जिसे हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। 13 अक्टूबर 2022 को आरोपियों के द्वारा दाखिल याचिका पर सभी पक्षों की ओर से बहस और सुनवाई पूरी होने के बाद हाइकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट के इस फैसले से आरआरडीए के तत्कालीन सचिव अजय शेखर, तत्कालीन टाउन प्लानर रामकुमार सिंह, दुगार्नंद मिंज, स्टेट अफसर मनौव्वर आलम, जूनियर इंजीनियर नरेश प्रसाद सिंह व उमेश प्रसाद सिंह को बड़ी राहत मिली है।

**निचली अदालत द्वारा लिया गया संज्ञान सही नहीं :** अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि निचली अदालत द्वारा लिया गया संज्ञान सही नहीं है और नक्शा पास करने में कोई भी अनियमितता नहीं बरती गई है और न ही पैसों का लेनदेन हुआ है। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि जब जिसके पक्ष में नक्शा पास हुआ है (विनय प्रकाश), वह आरोप मुक्त हो चुका है, तो नक्शा पास करने वाले आरोपी कैसे हो सकते हैं और आपराधिक षड्यंत्र कैसे कर सकते हैं। आरआरडीए के अधिकारियों की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सिद्धार्थ रंजन और शिप्रा शालिनी ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से इस केस में होटल ली लैक के संचालक विनय प्रकाश को राहत मिल चुकी है।

# निलंबित IAS छवि रंजन की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ी

CRIME REPORTER RANCHI

सेना की भूमि सहित अन्य विवादित जमीन की खरीद-बिक्री में भ्रष्टाचार करने के आरोपित निलंबित आईएएस और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी ने छह दिनों तक पूछताछ करने के बाद पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी ने दोबारा कोर्ट से छवि रंजन से पूछताछ के लिए छह दिनों की रिमांड देने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने ईडी को चार दिनों तक पूछताछ की मंजूरी दी।

इससे पहले छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद पांच मई को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। छवि रंजन से ईडी सेना के कब्जे वाली जमीन, बजरा मौजा की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ कर चुकी है। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने अब तक छवि रंजन सहित कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे, जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तारी किया गया था। इस छापेमारी के बाद ईडी ने रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी पूछताछ किया था। इसके बाद कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ कर चुकी है।

## CBSE 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी, 99.4 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा, 98.4 अंक लाने वाला छात्र रहा अव्वल

# 12वीं में DPS के एलेक्स, 10वीं में पावनी बनीं टॉपर

SPECIAL REPORTER RANCHI

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दी गई। 10वीं की परीक्षा में शहर के डीपीएस रांची की छात्रा पावनी कुमार 99.4 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर है। जबकि कैरालि स्कूल धुर्वा के अभिनव चंद्रायण 99 प्रतिशत और डीपीएस रांची के प्रसून प्रवर 99 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान और कैरालि स्कूल धुर्वा की अर्सिया और डीपीएस रांची के यशस्वी जैन 98.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं दूसरी ओर 12वीं कक्षा के टापर्स ने भी अपने प्रदर्शन से शहर व स्कूलों का मान बढ़ाया है। बता दें कि 12वीं साइंस टापर्स में पहले स्थान पर डीपीएस रांची के एलेक्स सिंह 98.4 प्रतिशत अंक के साथ रहे। वहीं डीपीएस रांची के अपूर्वा ओजस्वी और जेवीएम श्यामली की शुभांगी 98.2 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर जबकि डीपीएस रांची की ही श्रिया सिंह 98 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। कामर्स संकाय में सरला बिरला स्कूल की ऋत्विका खेतान 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर जबकि डीएवी हेहल की मान्या गोयल 98.4 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर और डीपीएस रांची की कुमारी रिया 98 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। आर्ट्स संकाय में पहले स्थान पर जेवीएम श्यामली की जससिमरन कौर 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर जबकि जेवीएम श्यामली के ही माही वर्मा 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जेवीएम श्यामली की अपेक्षा जैन और आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की स्वर्णिमा मल्लिका टोप्पो 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। बच्चों को मिली सफलता पर उनके शिक्षकों व अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। साथ ही उन्हें बधाई देने वाले लगातार फोन करके या फिर उनके घरों पर जाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं।

**कॉमर्स और आर्ट्स की टापर रही बेटियां :** अबकी बार बेटियों ने अपने प्रदर्शन से हरेक विषयों में बाजी मार ली है। कामर्स के टाप 5 में सिर्फ बेटियां ही हैं जबकि आर्ट्स में भी टाप 5 में बेटियों ने ही बाजी मारी है। वहीं साइंस स्ट्रीम में टाप 5 में दूसरे स्थान से लेकर पांचवें स्थान तक बेटियों का ही जलवा है। वहीं 10वीं की परीक्षा में भी पहले स्थान पर शहर की बेटी पावनी कुमार ही रही। इसके बाद टाप 5 में 9 छात्राओं ने स्थान बनाई है। अबकी बार भी बेटियों का सफलता दर बेटों के मुकाबले काफी अच्छा रहा। बता दें कि पटना रीजन में 85.47 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। देश के 16 रीजन में पटना रीजन 10वें नंबर पर है। जबकि भुवनेश्वर, गुवाहाटी, भोपाल, नोएडा, देहरादून और प्रयागराज से पटना रीजन का रिजल्ट बेहतर रहा। संस्थागत रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय ने सबसे बढ़िया प्रदर्शन किया है। इस स्कूल के 97.51 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। दूसरे नंबर पर सेंट्रल तिब्बतन स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन है, जिसका रिजल्ट 96.77 प्रतिशत रहा। केंद्रीय विद्यालय 92.51 प्रतिशत के साथ तीसरे और इंडिपेंडेंट यानी प्राइवेट स्कूल 87.95 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रहे।

रिजल्ट के बाद डीपीएस के बच्चे ● फोटोन न्यूज

### रिजल्ट देखने में हुई परेशानी

रिजल्ट की सूचना मिलते ही इंटरनेट ने छात्र छात्राओं की परेशानी बढ़ा दी। यही कारण है कि सीबीएसई बोर्ड ने दसवीं और 12वीं परीक्षाफल एक साथ प्रकाशित नहीं किया। सिर्फ चार से पांच घंटे के अंतराल में रिजल्ट का प्रकाशन किया गया। इसके बाद भी कड़ी मशक्कत के बाद ही इंटरनेट पर रिजल्ट दिख रहा था। इसके बाद भी बच्चों ने सीबीएसई के लिंक को खंगालना शुरू कर दिया। साथ ही डिजिलॉकर पर भी जाकर रिजल्ट देखे। रिजल्ट प्रकाशन की सूचना मिलते ही अधिकांश बच्चे स्कूल की ओर दौड़े। वहां से कोड प्राप्त कर अपने अपने मोबाइल पर रिजल्ट देखने में मशगुल हो गए।

## चोरी के आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला, 8 गिरफ्तार

SPECIAL REPORTER ORMANJHI

रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव होरेदाग में उन्मादी भीड़ ने चोरी के आरोपी 35 वर्षीय युवक को पीट-पीटकर मार डाला। मृतक की पहचान गांव के मिथुन सिंह खरवार के रूप में हुई है। इस मामले में ओरमांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना बुधवार की देर रात तीन बजे की है। आरोप है कि मिथुन खरवार रात में गांव के नंदलाल मुंडा के घर चोरी करने गया था। घरवालों की इसकी भनक लग गई। हल्ला मचाने से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसके बाद उसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। पहले भीड़ ने उसकी जमकर पिटाई की, फिर ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध दिया। सूचना मिलने पर गुरुवार की सुबह 10.30 बजे पहुंची पुलिस युवक को ग्रामीणों से छुड़ाकर उपचार के लिए सीएचसी ओरमांझी ले गई, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## PM ने गांधीनगर में किया विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास, कहा

# भेदभावरहित योजना बनाना और लाभ पहुंचाना ही सच्ची धर्मनिरपेक्षता

**AGENCY NEW DELHI:**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय को लेकर कहा कि हमारी सरकार योजना बनाते या लाभ पहुंचाते समय धर्म या जाति नहीं देखती, यही असली धर्मनिरपेक्षता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश का विकास दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के गांधीनगर में लगभग 4,400 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं में शहरी विकास विभाग, जल आपूर्ति विभाग, सड़क एवं परिवहन विभाग और खान एवं खनिज विभाग आदि की 2450 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन शामिल है। प्रधानमंत्री ने लगभग 1950 करोड़ रुपये की पीएमएवाई (ग्रामीण और शहरी) परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इसीॉ कार्यक्रम के दौरान योजना के लाभार्थियों को चाबियां सौंपकर योजना के तहत बनाए गए लगभग 19,000 घरों के गृह प्रवेश में भाग लिया। उन्होंने वीडियो लिंक के जरिए लाभार्थियों से बातचीत भी की।

विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● द फोटोन न्यूज

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, आज हमारी सरकार हर अभाव को दूर करते हुए, हर गरीब तक खुद पहुंचने का काम कर रही है। लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए हमारी सरकार न जाति देखती है और न ही धर्म देखती है। क्योंकि मैं सोचता हूं कि जहां कोई भेदभाव नहीं है वहीं तो सच्चा धर्मनिरपेक्षता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए देश का विकास दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता है। अभी गुजरात में भाजपा की सरकार बने कुछ ही महीने हुए हैं, लेकिन विकास ने जो रफ्तार पकड़ी है उसे देखकर आनंद आ रहा है, एक सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि पुरानी विफल नीतियों के साथ आगे बढ़ने से न तो देश का भाग्य बदल सकता है और न ही देश सफल हो सकता है। हमने घर को गरीबी से लड़ाई का एक ठोस आधार बनाया। 'पीएम आवास योजना' गरीबों के साथ महिला सशक्तिकरण को भी बहुत बड़ी ताकत दे रही है। पिछले 9 वर्षों में करीब-करीब 4 करोड़ पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं। इनमें करीब 70 प्रतिशत घर महिला लाभार्थियों के नाम पर हैं।

उन्होंने कहा कि पहले रियल एस्टेट सेक्टर में मनमानी चलती थी, धोखेबाजी की शिकायत आती थी। मध्यम वर्ग के परिवारों को सुरक्षा देने के लिए कोई कानून नहीं था। हमने एक रेरा कानून बनाया, इससे मध्यम वर्ग के परिवारों को सुरक्षा मिली है। भाजपा सरकार देश में बढ़ते शहरीकरण के कारण भविष्य की पिछली सरकारों और आज की सरकार के दृष्टिकोण और दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। हम वास्तव में गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-आवास योजना ने आवास क्षेत्र को बदल दिया है। इससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद हमने गरीबों के घर को सिर्फ एक पक्की छत तक सीमित नहीं रखा, बल्कि चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब हो या मध्यम वर्ग, लोगों के लिए जीवन की गुणवत्ता तभी संभव है जब उन्हें रहने के लिए शुद्ध और स्वच्छ वातावरण मिले; उसी को सुनिश्चित करने के लिए हमारा देश एक मिशन मोड पर है। 2014 में देश में केवल 14-15 प्रतिशत कचरा प्रसंस्करण होता था जबकि आज यह 75 प्रतिशत है।

## BRIEF NEWS

### भीमराव आंबेडकर के विचार और सिद्धांत को गांव-गांव तक ले जाना है: जयप्रकाश नारायण यादव

**DUMKA :** राजद के झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचार और सिद्धांत को गांव-गांव तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी को समान अधिकार दिया गया है। गरीब को भी एक वोट और अमीर को भी एक वोट चुनाव में देना है। यादव शुक्रवार को संविधान पर परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। देश के विरासत को मिटाया जा रहा है। जो गंगा जमुनी संस्कृति है, आज उसमें जहर घोला जा रहा है। बाबा साहब के विचारों को हम जिला, अनुमंडल, प्रखंड, पंचायत और गांव तक ले जाने का काम करेंगे। उसके लिए विचार गोष्ठी करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल समाज के सभी जाति, वर्ग और धर्म को जोड़कर चलता है। बाबा ने कहा था कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो हमें अपने अधिकार को लेना है। परिचर्चा को संबोधित करते हुए राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने कहा कि देश के संविधान को भाजपा समाप्त करना चाहती है। लगातार संविधान पर हमला हो रहा है। लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकताओं को निर्देश दिया कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान की चर्चा परिचर्चा प्रमंडल, प्रखंड ,जिला और पंचायत स्तर पर करने की आवश्यकता है। साथ ही सभी वर्गों को जगाने और बताने की जरूरत है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव सहित सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस विधायक ने विपक्षी पार्टियों की एकजुटता का किया समर्थन

**DUMKA :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्षी पार्टियां एक मंच पर आ रही हैं, जो एक अच्छी पहल है। यह बात दुमका पहुंचे कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने शुक्रवार को परिसदन भवन में पत्रकार वार्ता में कही। प्रदीप यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा हाल के कुछ दिनों से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तमाम विपक्षी पार्टियों को एक मंच पर लाने का प्रयास का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से अगर देखें तो आज जो विचार खासकर इस देश में हावी है। वह आम लोगों के विपरीत है। आज लोकतंत्र खतरे में है। संविधान खतरे में है। लोकतंत्र खतरे में है। धर्मनिरपेक्षता खतरे में है। साथ ही कहा कि ऐसा लग रहा है तमाम विपक्षी पार्टियां एक हो रही हैं और इसका परिणाम वर्ष 2024 में अच्छा रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बीस सूत्री बैठक में शामिल हुए श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता

**HAZARIBAG :** श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता शुक्रवार को जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने की। बैठक में जिले में संचालित सभी विभागों की एक-एक कर समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मंत्री ने जिले के विकास को लेकर योजनाओं में पारदर्शिता के साथ ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही चयनित लाभुकों के बीच आवास, पेंशन, राशनकार्ड, सावित्री बाई फुले छात्रवृत्ति योजना सहित कई स्वीकृति पत्र दिया। इसके अलावा जिले में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन भी किया। बैठक में सदर विधायक हजारीबाग मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार, उपायुक्त नैंसी सहाय, नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित सहित कई मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री ने सीबीएसई 12वीं कक्षा की परीक्षा उतीर्ण करने वालों को दी बधाई

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी एग्जाम वॉरियर्स को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट्स की एक श्रृंखला में कहा, मैं उन सभी एग्जाम वॉरियर्स को बधाई देता हूं जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। मुझे इन युवाओं पर उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के लिए गर्व है। मैं युवाओं की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई देता हूं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, मैं उन होनहार युवाओं से कहना चाहता हूं जो महसूस करते हैं कि वे बारहवीं कक्षा की परीक्षा में बेहतर कर सकते थे - आपके पास आने वाले समय में आगे देखने के लिए बहुत कुछ है। परीक्षाओं का एक सेट आपको परिभाषित नहीं करता है। अपनी प्रतिभा का उपयोग करें। जिन क्षेत्रों में आप भावुक हैं। आप चमकेंगे!

### मुख्यमंत्री योगी ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ देखी 'द केरल स्टोरी' फिल्म

**LUCKNOW :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ ऑडिटोरियम में फिल्म 'द केरल स्टोरी' देखी। फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए ऑडिटोरियम में व्यवस्था की गई थी। ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगियों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए 18 कॉलेजों की 300 छात्राओं को भी बुलाया गया था। सभी छात्राओं ने मुख्यमंत्री योगी द्वारा फिल्म दिखाए जाने पर आभार व्यक्त किया।

### कृषि व संबद्ध उत्पादों का निर्यात 4 लाख करोड़ रुपये के पार : तोमर

**NEW DELHI :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत का कृषि व सम्बद्ध उत्पादों का निर्यात 04 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली व किसानों के लिए मूल्य समर्थन प्रणाली विश्व में अद्वितीय हैं। अनाज, फल, सब्जियां, दूध, अंडे, मछली जैसी कई वस्तुओं के उत्पादन में हम अग्रणी देश हैं। तोमर ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों की 8वीं बैठक को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि एससीओ के सदस्य देश स्मार्ट कृषि परियोजनाओं को अंगीकृत कर रहे हैं। इस दिशा में भारत में भी व्यापक स्तर पर कदम उठाए गए हैं। कृषि क्षेत्र को तकनीक से जोड़ा गया है। जिससे किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ मिल रहा है। भारत बहुपक्षीय, राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक व जन-जन के बीच संवाद को बढ़ावा देने में एससीओ के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है।

### ओडिशा : विवादों में घिरे दो मंत्रियों ने दिया इस्तीफा, विधानसभा अध्यक्ष ने भी छोड़ा पद

**BHUBANESHWAR :** विवादों में घिरे ओडिशा के दो मंत्रियों ने आखिरकार अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष विक्रम केसरी आरुख ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा कि आरुख को मंत्री बनाया जा सकता है। शुक्रवार की शाम को अचानक सबसे पहले राज्य विधानसभा के अध्यक्ष विक्रम केसरी आरुख के अपने पद से त्यागपत्र देने की चौंकाने वाली खबर आई। इसके कुछ ही समय बाद राज्य सरकार में विद्यालय व जनशिक्षा मंत्री समीर रंजन दास व श्रम मंत्री श्रीकांत साहू ने भी अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इन दोनों मंत्रियों पर पिछले कई महीनों से आरोप लग रहे थे। शुक्रवार शाम को विक्रम केसरी आरुख ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना त्यागपत्र विधानसभा के उपाध्यक्ष रजनीकांत सिंह के पास भेज दिया है।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले पर भाजपा का हमला, सीएम का मांगा इस्तीफा

**AGENCY NEW DELHI:**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शराब घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस्तीफा मांगा है। शुक्रवार को भाजपा नेता केके शर्मा ने भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्याय हैं। दो हजार करोड़ रुपये का शराब घोटाला हुआ है, जिसके लिए भूपेश बघेल को इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा नेता केके शर्मा की फाईल फोटो।

केके शर्मा ने कहा कि मार्च, 2023 में ईडी ने 35 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया था और इसमें जो तथ्य सामने आये, उनसे छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले का पदार्फाश हुआ। लगभग दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि इस घोटाले में अनुमानित है। उन्होंने कहा कि ईडी की जांच में जो तथ्य सामने आये हैं उसमें स्पष्ट होता है कि इसका मुख्य सरगना अनवर ढेबर था, जिसकी गिरफ्तारी भी हुई।अनवर रायपुर के मेयर का बड़ा भाई है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का करीबी माना जाता है।

केके शर्मा ने कहा कि इस घोटाले में राज्य के टॉप ब्यूरोक्रेट्स और राजनेताओं की भी मिलीभगत है। उन्होंने सवाल उठाए कि एक सरकारी विभाग नाक के नीचे घोटालेबाजों के कब्जे में आ गया राज्य सरकार को इसकी जानकारी कैसे नहीं हुई? देश अपेक्षा करता है कि भूपेश बघेल के साथ साथ राहुल गांधी जी और सोनिया गांधी जी भी इस पर अपना मुंह खोलें।

## रामगढ़ : रोज बढ़ते अपराधों से जनता भयभीत हालात नहीं सुधरे तो भाजपा करेगी आंदोलन

**PHOTON NEWS RAMGARH:**
थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित होटल शिवम इन के परिसर में संचालित ज्वेलरी शॉप से दिनदहाड़े बंदूक की नोक पर हुई लूट और आए दिन होती गोलीबारी की घटना पर भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने असंतोष व्यक्त करते हुए इसे हेमंत सरकार की विफलता बताया साथ हीं ऐसी घटनाओं को अपराधियों और सरकार के बीच हुए गठबंधन का नतीजा बताया है।

एक विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने बताया की रामगढ़ जिले में पिछले दिनों बिजूलिया पुल और रानीबागी दोनो जगह दो अलग अलग व्यवसाई पर गोलीबारी हुई, जिसमें एक गंभीर रूप से घायल व्यवसाई आज भी इलाजरत है । उसके

कुछ दिन बाद हीं जिले के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र थाना चौक के करीब दिनदहाड़े गोलीबारी करते हुए कुछ अपराधी बेखौफ होकर एलआईसी ऑफिस से बैंक में जमा करवाने जा रहे लाखो रुपए लूट लेते है जिसमे एक गार्ड को गोली भी लगती है। आए दिन कभी भुरकुंडा में तो कभी पतरातु तो कभी रामगढ़ में व्यवसाइयों पर अथवा उनके प्रतिष्ठान पर अपराधियों द्वारा हो रहे हमलों से पूरा व्यवसाई वर्ग चिंतित और खौफ में है।

घटनाओं के बढ़ने का कारण कांडों का उद्भेदन न होने जैसी प्रशासनिक चूक तो है हीं पर उससे कहीं ज्यादा अक्षम,अनुभवहीन और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हेमंत सोरेन की सरकार भी जिम्मेवार है जो पैसे लेकर बाबुओं की ट्रांसफर पोस्टिंग और तस्करी में व्यस्त है।

उन्होंने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा की अगर रामगढ़ प्रशासन जल्द हीं इन सभी घटनाओं का उद्भेदन कर घटना में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर कार्यवाही नही करती है, तो रामगढ़ में भाजपा कार्यकर्ता सभी व्यवसाइयो और आम जनमानस के हित हेतु सड़क से सदन तक तीव्र आंदोलन करने को तैयार है जिसके जिम्मेवार सत्ता में बैठे अंधी और बाहरी सरकार होगी क्योंकि आज पूरे झारखंड में लूट,बलात्कार,हत्या और घोटालों से आम जनता त्रस्त हो चुकी है जिसका जवाब जनता आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को सत्ता से उखाड़ कर देगी।

असंतोष व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से जिला प्रभारी शशिभूषण भगत,वरिष्ट नेता रंजीत सिन्हा,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी,मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,नारायण चंद्र भौमिक,रविंद्र शर्मा,कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,संतोष शर्मा,प्रवीण सोनू,धीरज साहू,मणिशंकर ठाकुर,दीपक सोनकर, नमेंद्र चंचल,सैयद किरमानी,कुलजीत सिंह होरा इत्यादि दर्जनों नेतागण शामिल थे।

## अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस संगठन से जोड़ें कार्यकर्ता : प्रदेश अध्यक्ष

**PHOTON NEWS KHUNTI:**
स्थानीय क्लब परिसर में शुक्रवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की हुई। बैठक में संगठन के सशक्तीकरण के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की फाईल फोटो।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिले के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संगठन की बारीकियों को समझाया और पार्टी संगठन को मजबूत करने के गुर बताए। साथ ही कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस संगठन से जोड़ें। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। कालीचरण मुंडा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए मैं 24 घंटे संगठन के साथ खड़ा हूं।, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने का सतत प्रयत्न किया जा रहा है और निश्चित रूप से आनेवाले दिनों में कांग्रेस का परचम खूंटी जिले में लहराएगा।

बैठक में प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, प्रदेश प्रतिनिधि ओम प्रकाश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, रविकांत मिश्रा, विल्सन तोपनो, पुनीत हेमरोम, उपाध्यक्ष पांड्या मुंडा, सुशील सांगा, तैयब अंसारी, नरेश तिर्की, विजय स्वासी के अलावा सभी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा, मीनाक्षी, सुनीता गोप, परवेज आलम आदि उपस्थित थे।

## अजीत पवार ने महाराष्ट्र की मौजूदा राजनीतिक स्थिति के लिए नाना पटोले को जिम्मेदार ठहराया

**AGENCY MUMBAI:**
विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने कहा कि महाराष्ट्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले जिम्मेदार हैं। नाना पटोले ने विधानसभा अध्यक्ष का इस्तीफा देते समय महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों को विश्वास में नहीं लिया था। इस्तीफा देने के बाद पटोले ने इसकी जानकारी तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सहित अन्य नेताओं को दी थी।

अजीत पवार ने शुक्रवार को पुणे में पत्रकारों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सभी को सबक लेना चाहिए। इस फैसले में कहा गया है कि उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया था, इसलिए पूर्व स्थिति बरकरार नहीं रखी जा सकती है। अजीत पवार ने कहा कि उद्धव ठाकरे के इस्तीफे पर कई बार चर्चा की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि नाना पटोले को विधानसभा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए था। नाना पटोले के इस्तीफा देने के बाद अध्यक्ष पद काफी समय तक रिक्त रखा गया था। अगर नाना पटोले अध्यक्ष पद पर रहते तो वे तत्काल 16 विधायकों को निलंबित कर देते, तो मामला यहां पहुंचता ही नहीं। अजीत पवार ने कहा कि वर्तमान समय में दलबदल कानून बेमतलब साबित हो रहा है। इसी वजह से देश में कई जगहों पर इस तरह की घटना हो रही है।

दूसरी ओर, महाराष्ट्र नवनिर्माण पार्टी (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने ठाणे जिले में शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला भ्रम फैलाने वाला है। कोर्ट ने सारी प्रक्रिया को गलत बताया है और यह भी कहा है उद्धव ठाकरे को इस्तीफा नहीं देना चाहिए था। राज ठाकरे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना अध्यक्ष को मान्यता दी है, जबकि चुनाव आयोग अलग निर्णय ले चुका है। चुनाव आयोग भी स्वतंत्र संस्थान है और सुप्रीम कोर्ट भी।

## उपराज्यपाल ने तीन श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# श्रीनगर स्मार्ट सिटी रेजीडेंसी रोड जैसे क्षेत्रों में समान बाजारों का होगा विकास

**AGENCY SRINAGAR:**
उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को तीन श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और 25 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने इन परियोजनाओं को शहरी बुनियादी ढांचे के लए महत्वपूर्ण बताया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य की तीन स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में से पोलो व्यू को पैदल यात्री-उन्मुख शॉपिंग स्ट्रीट में बदल दिया गया है, अब शिव मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। श्रीनगर स्मार्ट सिटी के बेड़े में स्मार्ट उन्नत यातायात प्रबंधन वाहनों को शामिल किया गया है। आज जनता को समर्पित शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) परियोजनाओं में से 11 यूएलबी में 16 विकास परियोजनाएं और 10 यूएलबी में 9 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाएं हैं।

श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का उद्घाटन करते उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

देश के अन्य बड़े शहरों के बराबर सुविधाएं बनाने के प्रयासों को साझा करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि पोलो व्यू बाजार की अभी शुरूआत है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में श्रीनगर स्मार्ट सिटी रेजीडेंसी रोड, लाल चौक और पुराने शहर जैसे क्षेत्रों में समान बाजारों का विकास किया जाएगा।

उपराज्यपाल ने कहा कि शहरी बुनियादी ढांचे के विकास में समग्र दृष्टिकोण व्यक्ति की भलाई, नए रास्ते और लोगों के लिए अधिक विविध आय, बेहतर सेवा वितरण, गतिशीलता, स्वच्छता और सतत शहरी विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने के अवसरों पर केंद्रित है। उपराज्यपाल ने कश्मीर संभाग के सभी 40 यूएलबी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उठाए गए कदमों पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि नई उद्घाटन परियोजनाएं शहरी पर्यावरण को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा के लिए उपराज्यपाल ने यूटी के अद्वितीय विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उपराज्यपाल ने कहा कि आज आर्थिक विकास को नई गति मिल रही है, परियोजनाओं के पूरा होने की गति 9 गुना बढ़ गई है और समाज का हर वर्ग सशक्त महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा कि नागरिक अब नीतियों का सह-निर्माण कर रहे हैं ताकि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लोगों की जरूरतों के अनुसार विकसित किया जा सके। उपराज्यपाल ने यूएलबी के निर्वाचित प्रतिनिधियों और आम लोगों से शहरों का कायाकल्प करने और उन्हें अधिक जीवंत, कुशल, स्वच्छ और टिकाऊ बनाने के मिशन में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का आह्वान किया।

पोलो व्यू में उपराज्यपाल ने दुकानदारों के साथ बातचीत की और उनके सहयोग के लिए ट्रेडर्स एसोसिएशन की सराहना की। उपराज्यपाल ने इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों के लिए साइकिल साझा करने की सुविधा का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जुनैद अजीम मट्टू मेयर एसएमसी, विजय कुमार एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार, बिधूड़ी संभागीय आयुक्त कश्मीर, श्रीनगर स्मार्ट सिटी, यूएलबी सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख नागरिक उपस्थित थे।

# City में सरेआम छात्रा की गोली मारकर हत्या, सनकी आशिक संदेह के घेरे में

**CRIME REPORTER RANCHI**

बाइक सवार दो अपराधियों ने शुक्रवार की देर शाम अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पटेल पार्क स्थित हरमू नंद नगर में 20 वर्षीया युवती निवेदिता को गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने के बाद उसे इलाज के लिए रिम्स भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। हॉस्टल में रहने वाली युवती को गोली मारने के बाद दोनों अपराधी फरार हो गए। आनन-फानन में युवती को रिम्स में भर्ती कराया गया। रिम्स में इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई, युवती को चार गोली मारी गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद सिटी एसपी समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस मामले में युवती का सनकी आशिक अंकित संदेह के घेरे में है। उसकी भूमिका की पुलिस जांच कर रही है। उसकी तलाश की जा रही है।

**शादी नहीं करने पर बार-बार दे रहा था जान से मारने की धमकी :** छात्रा निवेदिता के पिता सिदेश्वर प्रसाद पटना में बीएन में केमिस्ट्री के प्रोफेसर हैं। सिद्धेश्वर प्रसाद ने बताया कि नवादा में रहने वाला युवक अंकित पिछले कई माह से उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। बेटी पर शादी का दबाव बना रहा था। निवेदिता शादी करना नहीं चाहती थी। इस वजह से अंकित उसे कई बार जान से मारने की धमकी दे चुका था। अंकित नवादा में निवेदिता के पड़ोस में रहता है। छात्रा ने अपने पिता को बताया था कि अंकित उसे काफी परेशान कर रहा है। वह रांची में नहीं रहना चाहती है। पिता दो माह पहले रांची आए थे और बेटी का सिम चेंज करा दिया था ताकि अंकित से परेशान नहीं कर पाए।



घटनास्थल पर खून के धब्बे व पूछताछ करती पुलिस ● फोटोन न्यूज

**रांची से नवादा लौटने वाली थी छात्रा :** छात्रा निवेदिता की दोस्त ने बताया कि निवेदिता शनिवार को अपने पिता के साथ हमेशा के लिए नवादा जाने वाली थी। निवेदिता का फाइनल परीक्षा हो गया था निवेदिता के कहने पर उसने टिकट काटा था। लेकिन पिता के पहुंचने से पहले ही निवेदिता की हत्या हो गई। निवेदिता की दोस्त का कहना है कि अंकित निवेदिता को काफी ज्यादा परेशान करने लगा था। इधर कुछ दिनों से छात्रा के मोबाइल पर सिर्फ घरवालों का फोन आता था। निवेदिता इसके अलावा किसी से बातचीत नहीं करती थी।

**छोटी बेटी मैट्रिक में लाई थी 90 प्रतिशत अंक :** प्रोफेसर सिदेश्वर प्रसाद की छोटी बेटी पटना में रहकर पढाई करती है। बेटी का शुक्रवार को मैट्रिक का रिजल्ट निकला था। बेटी का 90 प्रतिशत नंबर आने पर पिता मिठाई बांट रहे थे। घर के लोग खुशी मना रहे थे। लेकिन इसी बीच पिता के फोन पर सूचना मिली कि उनकी बड़ी बेटी को गोली मार दी गई है। खुशी का माहौल मातम में बदल गया। आनन फानन में घरवाले नवादा से रांची के लिए निकल गए।

**हॉस्टल में रह कर करती थी पढ़ाई, नवादा की रहनेवाली थी :** 20 वर्षीया निवेदिता बिहार के नवादा जिला की रहने वाली थी। वह पटेल चौक स्थित एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। शुक्रवार की शाम को अपने हॉस्टल की तरफ लौट रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने उसे गोली मार दी। निवेदिता को गोली मारे जाने की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत अरगोड़ा थाने को दी। मामले की जानकारी मिलते ही अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में घायल युवती को अस्पताल भेजा। हालांकि, इलाज के क्रम में डॉक्टरों ने निवेदिता को मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद में युवती की हत्या की गयी है।

### नवादा में दोस्ती बढ़ाने के बाद रांची में रहने लगा था अंकित

छात्रा के पिता का कहना है कि अंकित नवादा में उनके घर के पास आकर खेलता था। इसी बीच उसने बेटी से दोस्ती कर ली और बातचीत करने लगा। नवादा में दोस्ती हो जाने के बाद अंकित ने रांची में एक घर ले लिया और रहने लगा। इसकी जानकारी निवेदिता ने अपने पिता को दी थी। पिता का कहना है कि उन्हें आशंका होती कि अंकित इस तरह की घटना को अंजाम दे सकता है तो वह अपनी बेटी को काफी पहले रांची से लेकर चले जाते।

## BRIEF NEWS

### चुनाव की ड्यूटी में बाहर गए पुलिसकर्मियों को मिलेगी पांच दिन की छुट्टी

**RANCHI :** विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में राज्य से बाहर गए झारखंड सशस्त्र पुलिस के जवानों और पुलिस अधिकारियों को एक साथ पांच दिन का अनुमति अवकाश देने का आदेश जारी किया गया है। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार कर्नाटक विधानसभा चुनाव की ड्यूटी पर तैनात जैप और आईआरबी के 10 इको कंपनी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को पांच दिन का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया गया है। इसे लेकर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने अनुरोध किया था, जिसे स्वीकृत कर दिया गया है। जैप डीआईजी ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है।

### झारखंड में कोरोना से एक की मौत, तीन नए केस मिले

**RANCHI :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है जबकि राज्य में कोरोना के तीन नए केस मिले हैं। हालांकि, धीरे-धीरे कोरोना के मरीज राज्य में कम हो रहे हैं। राज्य में कोरोना से 24 घंटे में 17 मरीज स्वस्थ हुए हैं। राज्य में कोरोना के 86 एक्टिव मरीज हैं। स्वास्थ्य विभाग से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार कोरोना के नए मामलों में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), कोडरमा और रांची में एक-एक मरीज मिले हैं। राज्य के 21 जिले में कोरोना के एक भी मरीज नहीं मिले है। सिर्फ तीन जिले में कोरोना के मरीज एक्टिव है। राज्य में सबसे ज्यादा पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 41 मरीज एक्टिव हैं।

### रिम्स में आज से हृदय जांच शिविर, 1400 मरीजों की होगी जांच

**RANCHI :** झारखंड हृदय चिकित्सा योजना के तहत दो दिवसीय निशुल्क हृदय जांच शिविर की शुरूआत शनिवार को होगी। रिम्स में आयोजित जांच कैंप में राज्य भर के 1400 मरीजों को लाने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिले कार्डधारियों को मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध करायी जाएगी। रिम्स में गहन स्क्रीनिंग के बाद गंभीर मरीजों का इलाज फाउंडेशन की ओर से राजकोट और अहमदाबाद में संचालित श्री सत्य साईं हृदय अस्पताल में किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी सिविल सर्जन को अपने-अपने जिले से मरीजों को लाने का निर्देश दिया है।

**आज इन जिलों के मरीजों की जांच**

| | | |
|---|---|---|
| रांची | - | 100 |
| पूर्वी सिंहभूम | - | 75 |
| धनबाद | - | 75 |
| बोकारो | - | 75 |
| गिरिडीह | - | 50 |
| गुमला | - | 50 |
| सरायकेला | - | 50 |
| सिमडेगा | - | 50 |
| पश्चिमी सिंहभूम | - | 50 |
| देवघर | - | 75 |
| पलामू | - | 75 |
| चतरा | - | 50 |

**रविवार : जिलों के मरीजों की जांच**

| | | |
|---|---|---|
| दुमका | - | 50 |
| गोड्डा | - | 50 |
| गढ़वा | - | 50 |
| जामताड़ा | - | 50 |
| कोडरमा | - | 50 |
| लातेहार | - | 50 |
| पाकुड़ | - | 50 |
| साहिबगंज | - | 50 |
| हजारीबाग | - | 50 |
| खूंटी | - | 50 |
| लोहरदगा | - | 50 |
| रामगढ़ | - | 50 |

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# Nurse सिर्फ एक व्यवस्था नहीं बल्कि विश्वास है : Banna Gupta

### रिम्स में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर हुआ कार्यक्रम

रिम्स सभागार में दीप प्रज्वलित करते बन्ना गुप्ता, सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल व अन्य ● फोटोन न्यूज

**SPECIAL REPORTER RANCHI**

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर शुक्रवार को रिम्स सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का इस वर्ष का थीम आवर नसेर्जः आवर फ्यूचर था।

मौके पर मंत्री ने कहा कि नर्स सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, बल्कि वह एक विश्वास है। कर्तव्य और सेवाभाव का एहसास है, जो आपके दुख के समय में अपने परिवार का होने का बोध कराती है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा नर्सों का चयन हो सके ताकि मानवता की सेवा और अच्छे से हो सके।

कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि नर्स अस्पताल में बीमार व्यक्ति का हौसला बढ़ाते हुए कभी बहन का रोल अदा करती है तो कभी बिल्कुल अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके मरीजों की सेवा मातृत्व वाले से भाव से करती हैं। इसलिए नर्सिंग सिर्फ एक नौकरी नहीं यह मानवता की सेवा है।

कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, रिम्स चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, रिम्स उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, आईटीयूसी एशिया पैसिफिक, सिंगापुर से डॉ एसएमएफ पाशा सहित रिम्स के वरीय ऑफिसर, नर्स और छात्र मौजूद थे।

### सरला बिरला स्कूल के स्टूडेंट्स ने AISSCE-2023 में किया बेहतर प्रदर्शन

# 98.6% अंक के साथ स्कूल टॉपर बनी ऋत्विका खैतान

**SPECIAL REPORTER RANCHI**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने AISSCE – 2023 की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कॉमर्स स्ट्रीम में ऋत्विका खैतान ने 98.6% अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी है। आयुषी गोपालका और अंजना प्रकाश ने 97.4 अंक हासिल किए। राजदीप दास गुप्ता ने भी कॉमर्स स्ट्रीम में 96.8% अंक प्राप्त किया। अनमोल जैन और वेदांश लखानी ने 96.2% अंक प्राप्त कर साइंस स्ट्रीम में टॉप किया है।

इस प्रकार कुल मिलाकर 46 छात्रों ने 90% से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किए तथा 428 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक लाकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा के लिए किए गए प्रयास की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई दी और कहा कि यह उनके निरंतर और अथक प्रयास का ही परिणाम है।

सरला बिरसा स्कूल के स्टूडेंट्स खुशी से झूमते हुए ● फोटोन न्यूज

**98.4% अंकों के साथ सक्षम गोयल बना स्कूल टॉपर :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के सक्षम गोयल 98.4% अंक हासिल कर-के स्कूल टॉपर बना। वहीं सुहानी सिंह ने 98.2%, अनिमेष राज ने 96.6% तथा आरुष भाटिया और सिमरन ने 96.4% अंक प्राप्त किए। कुल 77 छात्रों ने 90% से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किए और 591 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए।

“बच्चों की सफलता पर प्राचार्या परमजीत कौर ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने अपने निरंतर प्रयासों और समर्पण के कारण शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें उनके माता–पिता और शिक्षकों का सहयोगा मिला। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्राचार्या परमजीत कौर

# आशा देवी मेमोरियल रांची जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप का उद्घाटन

**SPECIAL REPORTER RANCHI**

शुक्रवार को आशा देवी मेमोरियल रांची डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि विनय जॉन ने वाईएमसीए कांटाटोली में किया। उद्घाटन के दौरान गेस्ट ऑफ ऑनर आलोक कुमार भी मौजूद थे। प्रतियोगिता में अंडर 13, 15 और 17 वर्ग के बालक बालिका के अलावा पुरुष और महिला वर्ग के 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन के दौरान वाईएमसीए रांची के महासचिव चोन्हास कुजूर, आरडीटीटीए के महासचिव सुदीप्त मुखर्जी और वाईएमसीए रांची के उपाध्यक्ष इसाक रक्षित मौजूद रहे। शनिवार को प्रतियोगिता का फाइनल खेला जाएगा।

### 100 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

### अंडर 17 ब्वॉयज क्वार्टर फाइनल

अलीसाद खान ने प्रत्यूष प्रज्ञा को 3–0 से हराया
तात्या सिंह ने फरदीन मलिक को 3–1 से हराया
आदित्य डे ने प्रांजल सिंह को 3–0 से हराया
मिलन प्रीत सिंह ने नील रॉय को 3–1 से हराया

### अंडर 13 ब्वॉयज क्वार्टर फाइनल

अर्थ घोष ने सादिक सोहेल को 3–0 से हराया
फैसल खान ने अयान नंदी को 3–0 से हराया
सुभ्रदीप बनर्जी ने अरित्रो डे को 3–1 से हराया
आयुष बनर्जी ने प्रभकीरथ को 3–0 से हराया

# दी क्युरेस्टा हॉस्पिटल के एक साल पूरे, स्वास्थ्य सुविधा से बढ़ा विश्वास

**SPECIAL REPORTER RANCHI**

दी क्युरेस्टा हॉस्पिटल दीपाटोली ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक एक साल का सफर पूरा किया। एक साल पहले आज ही के दिन उचित कीमत पर बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान कराने के संकल्प के साथ अस्पताल की शुरूआत की गई थी। क्युरेस्टा ग्रुप के चेयरमैन अविनाश कुमार ने कहा कि अस्पताल की शुरूआत उन्होंने एक लक्ष्य के साथ किया था कि किसी भी मरीज का उपचार पैसों के अभाव में ना रुके और हर वर्ग के लोगों तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि एक साल में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा, प्रख्यात डॉक्टर्स की टीम और मरीजों में बढ़ते विश्वास के साथ दी क्युरेस्टा हॉस्पिटल ने अपनी एक अलग पहचान बना ली है। लेकिन उड़ान अभी बाकी है। मरीजों में बढ़ते विश्वास को देखते हुए एक साल के अंदर दो और अस्पताल की शुरूआत की गई। पहला इरबा स्थित क्युरेस्टा ग्लोबल एसीएमएस सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल और नवादा स्थित धर्मशीला देवी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल।

दी क्युरेस्टा हॉस्पिटल दीपाटोली के डॉक्टर्स व कर्मचारीगण ● फोटोन न्यूज

सफलता पूर्वक एक साल पूरा करने के उपलक्ष्य में असपताल परिसर में सभी डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में केक काट कर जश्न मनाया गया। चेयरमैन अविनाश कुमार ने उपस्थित सभी डॉक्टर्स एवं हॉस्पिटल स्टाफ की प्रसंशा की और साथ ही उन्हें और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर दी क्युरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मेडिकल डायरेक्टर और वाइस चेयरमैन डॉ। घनश्याम सिंह ने बताया कि एक साल के भीतर बीस हजार से ज्यादा मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। 1500 से ज्यादा सफलतापूर्वक जटिल सर्जरी की गई, जिसमें न्यूरो सर्जरी, ट्रॉमा, आथोपेंडिक, लेप्रोस्कोपिक एवं जेनरल सर्जरी के केस शामिल हैं। 70 मरीजों मे सफलतापूर्वक स्थायी पेसमेकर्स लगाया गया।

# पंछी को दाना दो, पंछी को पानी अभियान का पहला चरण संपन्न

एलपी पब्लिक स्कूल में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के लोग ● फोटोन न्यूज

**SPECIAL REPORTER RANCHI**

राजधानी के किशोरगंज रोड नंबर-1 में स्थित एलपी पब्लिक स्कूल में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने पंछी को दाना-पंछी को पानी पर जन जागरूकता अभियान चलाया। जिसका पहला चरण शुक्रवार को संपन्न हो गया। अभियान में स्कूल के आठवीं, नौवीं और दसवीं के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिन्हें मट्टी का बर्तन और दाना दिया गया। ताकि वे पंछियों को खिलाएं।

अभियान के माध्यम से छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। ताकि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने का पानी और दाना मिल सके। जिससे उनके जीवन की रक्षा की जा सके। मनुष्य अपनी सुख-सुविधा के लिए तो हर उपाय करता है, लेकिन तपती गर्मी में बेजुबान पंछियों के पास अपने प्राणों की रक्षा के लिए कुछ नहीं होता।

**दाना के पैकेट बच्चों के बीच वितरित किए गए :** इस अभियान के जरिए लोगों को जागरुक करने की पहल अनूठी की गयी। स्कूल के बच्चों के बीच 200 मिट्टी के बरतन और दाना के पैकेट का वितरण किया गया। उन्हें बताया गया कि अपने घरों की छत और आंगन पर पानी भर कर रखना चाहिए। साथ ही पक्षियों के खाने के लिए दाना भी दें। ताकि पक्षियों को भटकना ना पड़े।

एक ओर प्रकृति की पूजा हो रही है तो दूसरी ओर खिलवाड़ भी हो रहा है। जहां पहले के दिनों में पंछी हमारे घर-आंगन में सुबह शाम चहचहाते रहते थे। वहीं आज उनकी आवाज को लोग तरसते हैं। हमारे बड़े-बुजुर्ग यह भी मानते थे कि पक्षियों के वास से घर परिवार में खुशहाली रहती है।

### ये लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में एलपी पब्लिक स्कूल की तरफ से जितेंद्र पाठक और विजय कुमार मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची की ओर से नवल किशोर सिंह, समरेन्द्र सिंह, श्रवण शर्मा, गौरीशंकर षाड़ंगी, गुरुचरण शाहदेव, बाबागुरु नाथ शाहदेव, द्वेद नाथ शाहदेव, बद्रीनाथ शाहदेव, सोमेश्वर नाथ शाहदेव, यदुनाथ शाहदेव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सुबह शहर के हर क्षेत्र में योग ध्यान शिविर का आयोजन होगा

# श्रीश्री रविशंकर जी के 67वें जन्मदिवस पर आज रांची समेत झारखंड में कई कार्यक्रम

**SPECIAL REPORTER RANCHI**

रांची समेत झारखंड के कई जिलों में शनिवार को विख्यात आध्यात्मिक प्रणेता श्रीश्री रविशंकर जी का 67वां जन्मदिवस सेवाकार्यों, मधुर सत्संग भजनों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। लोगों को योगा आदि कार्यक्रमों से जोड़ने का प्रयास भी किया जाएगा। इस अवसर पर बेंगलुरु आश्रम के कलाकारों द्वारा संगीत नाटिका राम लला की माता का आयोजन किया गया है।

### कहां क्या कार्यक्रम

- रांची में शनिवार को एक संगीत नाटिका राम लला की माता का आयोजन होगा। सुबह शहर के हर क्षेत्र में योग ध्यान शिविर का आयोजन होगा।
- खूंटी रोड में योग–ध्यान केंद्र एवं श्रीश्री ज्ञान मंदिर का उद्घाटन किया जायेगा। खूंटी के कुदरी गांव में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित नि:शुल्क आदिवासी विद्यालय श्री श्री विद्या मंदिर हाई सकूल के प्रांगण में श्रीश्री कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन महेश पोद्दार और व्यक्ति विकास केंद्र के चैयरमैन प्रसन्ना प्रभु के द्वारा सुबह 11 बजे किया जायेगा।
- कोडरमा के गांवा में बच्चों के साथ गुरुजी के जन्मोत्सव को मानने का निर्णय लिया गया है, जिसमे बड़े पैमाने पर पौधरोपण होगा। शाम में झुमरी तिलैया अड्डी बंगला में सत्संग के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न होगा।
- देवघर में हैप्पीनेस शिविर कृष्णा पुरी स्थित श्री श्री निवास में आयोजित होगा, जिसमे सामूहिक ध्यान और महासुदर्शन क्रिया होगी। बाद में अनाज वितरण, फल एवं शर्बत वितरण किया जाएगा। शाम में होटल राज कमल में प्रशिक्षित गायकों के संसर्ग में दिव्य महासत्संग का आयोजन होगा।
- चतरा में सुबह से अक्षरा पैलेस गंदौरी मंदिर में योग–ध्यान होगा। रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- धनबाद में आईआईटी–आईएसएम के निदेशक राजीव शेखर के निवास पर भजन संध्या एवं गुरुपूजा होगी। राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में सुदर्शन क्रिया होगी।
- जमशेदपुर में एक्सएलआरआई जमशेदपुर सभागार में 14 मई को शाम 6:30 से रामलला की माता नाटक की प्रस्तुति की जाएगी।

BRIEF NEWS

## गैस सिलेंडर लदा वाहन पलटा, दो बच्चियां घायल

**RAMGARH :** पीटीपीएस खैरा मांझी रोड के समीप शुक्रवार को गैस सिलेंडर लदे वाहन पलट गई। दुर्घटना में स्कूल से आ रही दो बच्चियां घायल हो गई। जानकारी के अनुसार पतरातू प्रखंड के बावन धारा खटाल निवासी राजू यादव की 5 व 6 वर्षीय पुत्री सुषमा कुमारी व सोनाली कुमारी फोनिक्स पब्लिक स्कूल से वापस अपने घर जा रही थी। इसी दौरान सौंदा स्थित किरण गैस एजेंसी का इंडेन गैस लदा वाहन (छोटा हाथी) पतरातू स्थित खैरा मांझी के पास पलट गया। दुर्घटना में सुषमा कुमारी व सोनाली कुमारी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बच्चियों को इलाज के लिए मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल चल रहा है।

## खूंटी में बीज विनिमय वितरण योजना का प्रशिक्षण

**KHUNTI :** संयुक्त कृषि भवन खूंटी के सभागार कक्ष में शुक्रवार को खरीफ की तैयारी के लिए बीज विनिमय वितरण योजना को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। योजना के तहत खूंटी जिले के लैंप्स, पैक्स, एफपीओ, बीएओ, बीटीएम को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के माध्यम से बीज वितरण करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी ने की। मुख्य प्रशिक्षक पंकज कुमार, प्रभारी ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी कृषि निदेशालय झारखंड रांची द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मधुसूदन कुमार सिन्हा कृषि निरीक्षक, अमरेश कुमार प्रभारी उप परियोजना निदेशक, मयंक कुमार और सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री एसीबी कोर्ट में हुए हाजिर, दी गवाही

**RANCHI :** देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री शुक्रवार को रांची के एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में हाजिर हुए। उन्होंने अदालत में खूंटी जिले के ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में कमीशन से जुड़े मामले में गवाही दर्ज करायी। मंजूनाथ भजंत्री ने ही यह केस खूंटी के तत्कालीन डीडीसी रहते हुए दर्ज करवाया था। देवघर डीसी ने अपनी गवाही में अदालत को बताया कि ठेकेदारों की शिकायत के बाद उन्होंने वर्ष 2014 में कार्यपालक अभियंता शैलेंद्र मंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। ग्रामीण विकास विभाग ने एवी इंटरप्राइजेज को आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए टेंडर दिया था। भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संवेदक कंपनी ने विभाग को हैंडओवर कर दिया। इसके बावजूद ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बकाया राशि के भुगतान के लिए 26 जून, 2014 को लिखित आवेदन दिया गया। इस पर कार्यपालक अभियंता ने 20 प्रतिशत रिश्वत की मांग की। इसे लेकर 20 सदस्य सवेदकों की कमेटी ने 23 सितंबर, 2014 को तत्कालीन उप विकास आयुक्त से शिकायत की थी। इसके बाद उन्होंने केस दर्ज कराया था।

## खूंटी में युवती का शव मिला, हत्या की आशंका

**KHUNTI :** तोरपा थाना क्षेत्र के होटोर गांव के पास पुलिस ने शुक्रवार को सुषमा धान नामक एक 25 वर्षीय युवती का शव पेड़ से लटकता मिला। वह जरियागढ़ थाना के जम्हार डांड़टोली निवासी बसंत धान की बेटी थी। मृतका के भाई ने आशंका जताई है कि प्रेम प्रसंग में उसकी बहन की हत्या की गई है। उसके बयान पर तोरपा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बोकारो में ऑटो चालक की हत्या, पेड़ से लटका मिला शव

**BOKARO :** जिले के बीएस सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 2 सी स्कूल परिसर में ऑटो चालक की हत्या कर शव को पेड़ में टांगे जाने का मामला शुक्रवार को सामने आया। ऑटो चालक का नाम शुभम बताया जा रहा है। लोगों ने सुबह शव पेड़ लटका देख इसकी सूचना मृतक के पिता को दी। शुभम गुरुवार की रात ऑटो लेकर निकला था। रात के डेढ़ बजे जब उसके पिता अनिल कुमार ने उसे फोन किया तो उसने कहा कि वह आधे घंटे में घर लौट रहा है। वह सुबह तक नहीं लौटा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# RAMGARH : CBSE के रिजल्ट में छात्रों का दबदबा, 12वीं व 10वीं में लड़कों ने मारी बाजी

PHOTON NEWS RAMGARH

सीबीएसई के 12वीं और 10वीं के रिजल्ट में इस बार लड़कों का दबदबा रहा। 12वीं के रिजल्ट में बरकाकाना डीएवी के छात्र सचिन कांत झा 98.2 प्रतिशत अंक लाकर स्थान पर रहे। उन्होंने मानविकी संकाय में यह अंक लाया है। विज्ञान संकाय में प्रियांशु प्रियदर्शी 97 प्रतिशत एवं वाणिज्य संकाय में आर्यन जायसवाल एवं दीक्षिता जैन ने 96 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया है।

मानविकी संकाय के सचिनकांत झा को इतिहास और पीएचई में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। विज्ञान संकाय के प्रियांशु प्रियदर्शी को गणित में शत-प्रतिशत और वाणिज्य संकाय के आर्यन जायसवाल को एकाउंटेंसी में शत-प्रतिशत अंक मिले है। डीएवी बरकाकाना के 114 छात्र-छात्राओं ने 12 वीं की परीक्षा में हिस्सा लिया था और वे सभी सफल रहे है।

10वीं के रिजल्ट में भी इसी विद्यालय के सिद्धार्थ अग्रवाल 97.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बने। मयंक ओझा ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि नमन कुमार झा और अनीश कुमार ने 96 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों का बेहतर परफॉर्मेंस

रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने भी इस परीक्षा में बेहतर परफॉर्मेंस बेहतर है। दसवीं के रोशन कुमार ने 95.2 प्रतिशत, अजय राज ने 92 प्रतिशत, आर्यन कुमार और देवांशु कुमार ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव शंकरलाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य वरूण कुमार चौधरी ने छात्र को शुभकामनाएं दी है।

### श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल का रहा बेहतर प्रदर्शन

श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में सजल कुमार निराला ने 95 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में सोनाक्षी कुमारी ने 94 प्रतिशत, कला संकाय में आयुषी कुमारी ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस विद्यालय से कुल 172 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इनमें 70 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया है।

दसवीं की परीक्षा में आदर्श पाठक ने 93.6 प्रतिशत, सोनल कुमारी और विवेक कुमार ने 93.2 प्रतिशत, तनीषा और अक्षय आडी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस परीक्षा में 173 विद्यार्थि शामिल हुए थे। जिनमें 51 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय अध्यक्ष हरपाल सिंह आरोडा, उपाध्यक्ष परमीन्दर सिंह जस्सल, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा ने बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

### श्रीकृष्ण विद्या मंदिर का रहा बेहतर प्रदर्शन

श्रीकृष्णा विद्या मंदिर स्कूल का प्रदर्शन भी इस रिजल्ट में अच्छा रहा है। 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में सूरज कुमार ने 93 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में शिवांगी सिंह ने 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रहे। विज्ञान संकाय में 81 और वाणिज्य संकाय में 41 बच्चों ने परीक्षा दी थी और वे सभी सफल रहे। दसवीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर आकांक्षा पाठक स्कूल टॉपर बनी। दसवीं की परीक्षा में 107 बच्चों ने हिस्सा लिया था और वे सभी सफल रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव बिमल किशोर जाजू, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

### केंद्रीय विद्यालय का परफॉर्मेंस रहा अच्छा

केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने भी सीबीएसई की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में खुशी कुमारी ने 81.2 प्रतिशत, मानविकी संकाय में दीक्षा गुप्ता ने 89 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी है। दसवीं की परीक्षा में अंकित कुमार ने 94 प्रतिशत, अनुषा पांडे ने 91 प्रतिशत और आदर्श कुमार ने 89.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## 95.4 प्रतिशत अंक लाकर अंकुर झा बना श्री अग्रसेन स्कूल में 10वीं का टॉपर

**RAMGARH :** सीबीएसई ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अंकुर झा 95.4 प्रतिशत अंक के साथ 10वीं का टॉपर बना है। अंकुर को 95.4 प्रतिशत अंक मिला है। वहीं सौरव कुमार, तसनीम फातमीन, आंचल गुप्ता, अनुभव सोनी टॉप फाइव में शामिल हैं। इसी तरह खुशी कुमारी 94.6 प्रतिशत अंक के साथ साइंस और महक अग्रवाल 86.8 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल की टॉपर बनी। साइंस में सानिया अग्रवाल, अर्पिता कुमारी, रौनक कुमार, आयुष प्रतीक, गुड्डू अंसारी, कॉमर्स में अक्षिता कुमारी, आर्या निधि, शिवम कुमार सिंह, रिया कुमारी ने टॉप फाइव में स्थान बनाया।

विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है। स्कूल के प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि बच्चों ने अपने प्रदर्शन से स्कूल और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बच्चे भविष्य में भी कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते रहें, यही विद्यालय परिवार की शुभकामना है।

## कक्षा बारहवीं में डीएवी रजरप्पा के शत-प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

**RAMGARH :** 2023 में सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम 12 मई को प्रकाशित हुआ। डीएवी रजरप्पा का पास परिणाम शत प्रतिशत रहा। ध्यातव्य हो कि डीएवी रजरप्पा के तीनों संकायों विज्ञान, वाणिज्य तथा कला से कुल 152 छात्र बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। विज्ञान से 73, वाणिज्य से 29 और कला से 50 छात्र थे। तीनों संकायों से अधिकतम अंक लाने वाले छात्र विज्ञान से साक्षी कुमारी 92.2%, कुमारी सुरक्षा बर्मा 92.2%, कला से श्रुति शर्मा 96.6% वाणिज्य से कुमारी नैना वर्मा 95.8%।

विज्ञान में 90% से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 6 है। साक्षी कुमारी 92.2%, कुमारी सुरक्षा बर्मा 92.2%, आर्यन कुमार 91.8%, अंकित कुमार अग्रवाल 91.4%, शहबा रफी 90.8%, करण कुमार 90.8%।

वाणिज्य में 90% से अधिक अंक लाने वाले 5 छात्र है। कुमारी नैना वर्मा 95.8%, अंजलि गुप्ता 92.4%, प्रिंस राज 91.6, प्रियांशु कुमार 91.2%, चिराग भगत 91.2%

कला में 90% से अधिक लाने वाले 6 छात्र हैं। श्रुति शर्मा 96.6%, , भाव्या ओझा 94%, चेरी अग्रवाल 93.4%, शिब्रा खान 92.4%, सुधांसु मिश्रा 91.2%, गीतांजलि कुमारी 90.6%

शत-प्रतिशत उत्तीर्णता परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्राचार्य बीपी रॉय ने कहा कि यह सब शिक्षकों एवं बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएँ की।

## प्रेमिका ने फंदे पर झूलकर दी थी जान, प्रेमी गिरफ्तार

PHOTON NEWS KHUNTI:

प्रेमी की बेरुखी से खफा प्रेमिका सुषमा धान (25) ने प्रेमी के सामने ही गुरुवार को एक पेड पर फंदा लगाकर जान दे दी थी। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके स्वजनों को सौंप दिया है। मृतका के भाई के बयान पर प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

तोरपा पुलिस ने बताया कि जारियागढ़ थाना क्षेत्र जम्हार डांडटोली की रहनेवाली युवती सुषमा धान तथा लोहाजिमि के 30 वर्षीय विवेक गुड़िया के साथ एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सुषमा रांची में रह कर किसी सिलाई सेंटर में काम करती थी और हमेशा प्रेमी को पॉकेट खर्च देती रहती थी। सुषमा को लगा कि विवेक का किसी अन्य लड़की के साथ चक्कर चल रहा है। इसी बात को लेकर गुरुवार को दोपहर में सुषमा रांची से बस से तोरपा ब्लॉक गेट के पास उतरी और प्रेमी विवेक को मिलने के लिए बुलाया।

ब्लॉक गेट के पास से ही दोनों एक बाइक पर सवार होकर दियाकेल पंचायत के रामजय बगीचा के पास गए, जहां दोनों के बीच बकझक होने लगी। विवेक को सामने ही मर जाने की बात कहकर सुषमा आम पेड़ में दुपट्टे के सहारे झूल गयी। हालांकि, विवेक जब तक बचाने गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद विवेक वहां से भाग गया। देर रात किसी ने देखा कि कोई लड़की फंदे में झूल रही है। उसने तुरंत इसकी सूचना तोरपा थाना की पुलिस को दी।

## बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एसपी से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल

PHOTON NEWS RAMGARH:

जिले में व्यापारियों के साथ बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने गंभीरता से लिया है। चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को एसपी पीयूष पांडे से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से कहा कि रामगढ़ में बढ़ती अप्रत्याशित आपराधिक घटनाओं, एलआईसी ऑफिस के पास हुई लूट, कोहिनूर ज्वेलर्स में हुई लूट का उद्भेदन नहीं होने एवं शहर में पार्किंग की समस्या, जिला के थानों में आवेदनों की प्राप्ति रसीद नहीं देने से पूरे जिला में व्यापारी भयभीत हैं। इससे निजात दिलाने, पेट्रोलिंग बढ़ाने आदि समस्याओं को लेकर वार्ता की।

एसपी से मुलाकात करता चेंबर का प्रतिनिधिमंडल। ● द फोटोन न्यूज

पुलिस अधीक्षक ने चेंबर के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द दोनों कांडों का उद्भेदन पुलिस करेगी। साथ ही शहर में आपराधिक घटनाएं ना हो इसके लिए पेट्रोलिंग बढ़ाने एवं अन्य सभी तरह के उपायों पर पुलिस प्रशासन तत्पर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में व्यापारी निर्भीक होकर व्यापार करें। जिला पुलिस प्रशासन उनके साथ हर समय खड़ी है।

प्रतिनिधिमंडल में चेंबर के मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानु, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, सह सचिव संतोष तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पोद्दार, गोपाल शर्मा, अमित साहू, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल उपस्थित थे।

## खूंटी में व्यावसायिक शिक्षा के तहत जागरुकता कार्यक्रम

PHOTON NEWS KHUNTI:

व्यावसायिक शिक्षा के तहत शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मी नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय, मुरहू में किया गया।

प्रतिभागियों में कक्षा नौंवी, 10वीं, 11वीं और 12वीं अध्ययनरत 150 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। सहायक शिक्षिका अनुभा अन्ना ने पैनल का संचालन किया। अनुमण्डल पदाधिकारी ने व्यावसायिक शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। झारखंड शिक्षा परियोजना के व्यावसायिक शिक्षा प्रभाग प्रभारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीप कुमार सोय ने जिले के विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के विभिन्न ट्रेडों की जानकारी दी। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति धान ने व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष चर्चा करते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुमण्डल पदाधिकारी अनिकेत सचान, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुरहू मिथिलेश सिंह, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति धान, व्यावसायिक शिक्षा प्रभाग प्रभारी कुलदीप कुमार सोय, संजना पात्रो, एमजीएनएफ के प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, रंजीता बाखला, स्मृति शाइनी, कल्याण गुरुकुल, डोड़मा ब्रेजा फाउंडेशन, उद्योग विभाग के प्रतिनिधि, राज्य से आए हुए व्यावसायिक समन्वयक, विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक तथा शिक्षक मौजूद रहे।

## LOHARDAGA में विधानसभा की विशेष समिति ने की अधिकारियों के साथ बैठक

PHOTON NEWS LOHARDAGA:

झारखंड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) के संयोजक नलिन सोरेन की अध्यक्षता में आज जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों व निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक परिसदन में हुई।

बैठक में मुख्य रूप से सभी विभागों में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिये मानव बल की नियुक्ति व निजी कंपनियों व एकल किसी भी संस्था द्वारा नियुक्ति किये जाने में कुल सीट का 75 प्रतिशत आरक्षण स्थानीय लोगों को दिये जाने के लिए बनाये गये झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 पर विशेष रूप से चर्चा हुई और इसे आवश्यक रूप में लागू करने के निर्देश दिये गये।

समिति के संयोजक ने कहा कि झारखंड राज्य में बेरोजगार युवक-युवतियों की संख्या बहुत अधिक है। ऐसे में सरकार ने स्थानीय युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने का निर्णय लेते हुए अधिनियम व नियमावली बनाया है। स्थानीय को काम देना ही प्राथमिकता है। सभी नियोक्ता कंपनियां 22 मई तक रजिस्ट्रेशन करा लें। साथ ही स्थानीयता से संबंधित वेरिफिकेशन का भी कार्य कर लें। स्थानीयता का प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी/उपायुक्त स्तर से ही जारी होने पर मान्य होगा।

अधिकारियों के साथ बैठक करते विधानसभा विशेष समिति के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, एसडीओ अरविंद कुमार लाल समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी व विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## CCL कोलियरी कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने भुरकुंडा में मनाया विश्व नर्स दिवस

PHOTON NEWS RAMGARH:

सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ बरका-सयाल क्षेत्र ने सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा में शुक्रवार को विश्व नर्स दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन अस्पताल में पदास्थापित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ललन प्रसाद ने किया। मौके पर क्षेत्रीय सचिव शंभू प्रसाद सिंह ने नर्स दिवस के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए नर्सों को हमेशा मान-सम्मान देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय अस्पताल में कार्यरत सभी नर्स बहनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर नर्स दिवस की बधाई दी गई।

मौके पर बरका-सयाल क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एचके सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नदीम अनवर व संगठन के मार्गदर्शक रामविनय त्रिपाठी ने दिन रात क्षेत्र के मरीजों की सेवा में निस्वार्थ लगी रहने वाली नर्स बहनों के प्रति आभार जताया। साथ ही रामविनय त्रिपाठी ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के समय अगर इनका सहयोग नही मिलता तो देश के हजारों नागरिकों को खोना पड़ता।

नर्स दिवस पर भुरकुंडा अस्पताल परिवार के साथ मौजूद संघ के लोग। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि नर्सों की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। हम इनकी सेवा के आगे नतमस्तक है। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिनाथ महतो ने प्रस्तुत किया। सम्मानित होने वाले नर्स बहनों में सिस्टर स्नेहलता कुजूर, रेनू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, शिशिर डांग, अल्फा नेहा टोप्पो, रेखा कुमारी, रजनी गुलाब एक्का, रजनी कुमारी, शीतल कुमारी मनीता कुमारी आदि शामिल हैं। मौके पर दिनेश मुंडा, संतोष पांडेय, सुभाष ओझा, नौशाद आलम, अनिल कुमार पासवान, सिराजुद्दीन अंसारी, अजय सिंह, प्रह्लाद गोप, दशाराम मांझी, राजकुमार, श्रवण कुमार, सत्यनारायण गुप्ता, जेपी अग्रवाल, सरोज राणा, श्रीकांत गुप्ता, सुखचैन सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## राजकीय मध्य विद्यालय बड़कीपोना में स्वच्छता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारती हैं : मुखिया

PHOTON NEWS RAMGARH:

जल जीवन मिशन के तहत राजकीय मध्य विद्यालय बड़कीपोना में बच्चों के बीच स्वच्छता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुखिया अरविन्द कुमार सिंह मौजूद हुए. प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया एवं प्रतिभागियों ने अपने हुनर को स्वच्छता के संदेशात्मक रंग के रूप में प्रदर्शित किया।

प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुखिया ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवनचर्या में शामिल करने के बारे में चर्चा किया। वही मुखिया ने कहा कि आज स्वच्छता के अभाव में हम बिमारियों को निमंत्रण दे रहे है। हमें स्वच्छता अभियान के तहत आसपास फैली गंदगी को साफ करना होगा। तभी हम एक स्वच्छ वातावरण की रचना कर सकते है।

विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना मनोबल व उत्साह बढ़ाना चाहिए। प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारती हैं। हमें प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

मौके पर प्राचार्य रौशनलाल महतो, शिक्षक संतोष कुमार, आफरीदा फातिमा, निर्मला कुमारी, सुरेंद्र मुंडा, पुनम राम, राधेश्याम कश्यप, प्रीति कुमारी, जल सहिया वीणा देवा सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## कोडरमा के कबाड़ दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान

PHOTON NEWS KODARMA:

जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस के समीप शुक्रवार की सुबह एक कबाड़ की दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना दुकानदार अमरनाथ कसेरा ने जयनगर थाना को दिया। इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। अग्निशमन विभाग कोडरमा की टीम दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

अमरनाथ कसेरा ने कहा कि आग लगने की घटना में उसके कबाड़ की दुकान में रखे रद्दी कागज, टायर, प्लास्टिक के कबाड़ के सामान जल गए। उसे करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि समय पर अग्निशमन विभाग के वाहन पहुंचने की वजह से आग पर काबू पाया जा सका और करीब 60 फीसदी हिस्से को आग से बचाया गया। उसने बताया कि घटना में बगल स्थित उसका घर आग की चपेट में आने से बच गया।

आग बुझाते दमकल के कर्मचारी।

# SAHARSA : हथियार व गोली के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

AGENCY SAHARSA:

महिषी पुलिस ने एक अपराधी को अवैध हथियार एवं 2 गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया है।एसपी ने प्रेसवार्ता में आज बताया कि जिला अंतर्गत महिषी थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात्रि में गस्ती एवं छापामारी के दौरान पस्तपार चौक पर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगा। गश्ती दल द्वारा त्वरित कार्रवाई कर भाग रहे संदिग्ध व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम श्रवण पासवान, उम्र 30 वर्ष, पिता राम प्रसाद पासवान,पस्तपार वार्ड नंबर एक थाना महिषी बताया। जिसकी तलाशी लेने पर एक लोडेड देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी का अपराधिक इतिहास बहुत पुराना है। उसके ऊपर महिषी एवं बिहरा थाना ने कई मामले दर्ज है। महिषी थाना कांड संख्या 88/19 धारा 341 342 323 353 224 504 506 508 के अंतर्गत मामला दर्ज है। बिहरा थाना कांड संख्या 141/19 142/19 152/19 तथा महिषी थाना कांड संख्या 110/23 के अंतर्गत मामला दर्ज है।

उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक महिषी थाना अध्यक्ष शिव शंकर कुमार,सहायक अवर निरीक्षक मुमताज अंसारी, अशोक कुमार राम, राघवेंद्र कुमार एवं गृह रक्षक सशस्त्र बल के जवान छापेमारी अभियान में शामिल थे। गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## पुलिस ने किया महिला की हत्या का उद्भेदन, आरोपी को गिरफ्तार

AGENCY KISHANGANJ:

पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के भोटाथाना में 8 मई को महिला हदीसा बेगम की हुई हत्या का उदभेदन पुलिस ने घटना के 48 घण्टे के अंदर कर लिया। पुलिस ने महिला की हत्या करने वाले आरोपी पहाड़कट्टा रतवा निवासी मजहर आलम उर्फ जुनैद को गुरुवार को गिरफ्तार किया है।

घटना के बाद एसपी डॉ इनाम उल हक मेगनु के निर्देश पर एसडीपीओ गौतम कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। 8 मई को छतरगाछ पुलिस कैम्प प्रभारी को सूचना मिली कि भोटाथाना में मकई के खेत में एक महिला का शव लावारिस हालत में पड़ा हुआ है। कांड की गंभीरता को देखते हुए टीम ने अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। यह बात प्रकाश में आई कि मृतिका के पति करीब तीन वर्ष पहले मृतिका को छोड़कर दूसरी शादी कर मुंबई में रहते थे। मृतिका अपने ससुराल में बच्चों के साथ रह रही थी। वहीं अपने मौसा के घर में रह रहे आरोपी युवक मजहर आलम उर्फ जुनैद का मृतिका के लगातार सम्पर्क में रहने लगे तथा दोनों में अवैध संबंध स्थापित हो गया। मृतिका मजहर आलम पर शादी का दवाब बनाने लगी जिससे छुटकारा पाने के लिए सुनियोजित तरीके से आरोपी मजहर आलम ने 7 मई को मृतिका हदीसा बेगम को अपने मोबाईल से फोन कर घटनास्थल पर बुलाया तथा मृतिका के साथ गलत संबंध स्थापित करने के बाद उसकी हत्या गला दबाकर एवं चाकू से रेत कर दिया गया।

पुलिस टीम द्वारा उक्त कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने हत्या में प्रयुक्त चाकू एवं मृतिका के मोबाईल को डॉक नदी में फेंक दिया था। टीम में एसडीपीओ गौतम कुमार, थानाध्यक्ष पहाड़कट्टा सुनील कुमार, तकनीकी शाखा के मनीष कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## NAWADA : रजौली के नेशनल हाईवे चेक पोस्ट पर दर्जनों ENTRY माफिया सक्रिय

AGENCY NAWADA:

बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित चितरकोली पंचायत के समेकित जांच चौकी पर इंट्री का धंधा इन दिनों काफी जोर-शोर से चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 31 को बदल कर 20 किया गया है। इन दिनों इंट्री माफिया के काले धंधे में शामिल लोग चांदी काट रहे हैं।

इंट्री माफिया का नेटवर्क रजौली से राजधानी तक फैला है। प्रतिदिन जांच चौकी से हजारों ट्रकों का आवागमन होता है। कहने को अधिकारी लगातार कार्रवाई करते हैं, पर सच यह है कि महीने में कभी कभार कार्रवाई होती है। रजौली जांच चौकी पर बड़े ही आराम से इंट्री माफिया अपने इस गोरखधंधे को अंजाम देते हैं। काले कारनामे से सरकारी राजस्व को भारी चूना लगाने का खेल जारी है। बेखौफ इंट्री माफिया अपना जलवा रजौली के नेशनल हाईवे पर कायम रखे हुए हैं और इनका किनका संरक्षण प्राप्त है यह जांच का विषय है।

सूत्र के मुताबिक इंट्री माफियाओं की सांठ-गांठ अधिकारियों से लेकर गृहरक्षकों तक है जो इनके लिए जासूसी का काम करते हैं। कब निकलना होता है या कब नहीं यह उनके द्वारा बताए गए समय के अनुसार ट्रकों को निकालते हैं। इसके अलावा जांच चौकी पर तैनात गृहरक्षकों के द्वारा वाहनों से दिन दहाड़े ओवरलोड ट्रकों से पैसा लेकर बिहार में आसानी से प्रवेश करा दे रहे हैं। इनसे अगर पूछताछ की जाए तो सभी माफियाओं के नामों का खुलासा आसानी से हो सकता है। गृहरक्षक जवान जांच चौकी पर तैनाती करने के लिए लिए हमेशा लालायित रहते हैं, क्योंकि यहां अवैध काली कमाई भरपूर रूप से होती है।

पिछले कई वर्षों से इंट्री का खेल बंगाल एवं झारखंड के रास्ते बिहार में प्रवेश करने वाले वैसे ट्रकों की होती है, जिसमें बिना कागजात, ओवरलोड, अवैध सामान आदि लदा होता है। उन्हें सुरक्षित तरीके से राज्य के कई जिले से गंतव्य तक जाने के लिए शुल्क तय कर दी गई है। जब तक इंट्री के धंधे में शामिल लोगों के द्वारा चालकों से राशि वसूल नहीं कर ली जाती, तब तक उस ट्रक को इंट्री नहीं मिलती है। अगर जोर जबरदस्ती कर ट्रक चालक चल भी देता है तो किसी न किसी बहाने उसको पकड़वा दिया जाता है।

## बाबा धीरेंद्र शास्त्री के पटना आगमन पर पुलिस मुख्यालय ने जारी किया अलर्ट

AGENCY PATNA:

बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री 13 मई यानि शनिवार को राजधानी पटना आ रहे हैं। पटना के नौबतपुर स्थित तरेत पाली मठ में 13 से 17 मई तक धीरेंद्र शास्त्री हनुमत कथा सुनायेंगे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय ने पटना पुलिस को अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय ने पटना एसएसपी को एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी कर अहम निर्देश दिए गए हैं।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पटना आगमन को लेकर बिहार की राजनीति गर्म है। सत्ता पक्ष उनका विरोध कर रह है तो विपक्ष भाजपा

बाबा धीरेंद्र शास्त्री की फाईल फोटो।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आगमन के पक्ष में है और उनके स्वागत में होने वाली भव्य तैयारी में जुटी है। इसलिए उनके पटना आगमन को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इस अलर्ट को देखते हुए राज्य पुलिस मुख्यालय ने पटना एसएसपी को सुरक्षा के लिए एसओपी जारी किया है। एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि धीरेंद्र शास्त्री को पर्याप्त सुरक्षा दी जायेगी। आयोजन स्थल पर भी भीड़ को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बेहतर हो इसको लेकर अयोजनकताओं के साथ पुलिस पदाधिकारियों की बैठक भी हुई है। सुरक्षा घेरे से लेकर आयोजन स्थल और आसपास की भीड़ का आकलन करते हुए पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही साथ ट्रैफिक पुलिस के जवानों की भी तैनाती कर दी गई है। आयोजन के दौरान सीसीटीवी के जरिए सभी गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी।

## अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निलंबित करने के लिए धरने पर बैठे बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान

AGENCY BEGUSARAI

अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निलंबित करने के लिए बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान शुक्रवार को अंचल कार्यालय में धरना पर बैठ गए। विधायक ने बखरी के अंचल अधिकारी शिवेन्द्र कुमार एवं थानाध्यक्ष पर अशोभनीय वार्ता किए जाने का आरोप लगाया है।

धरने पर बैठे विधायक सूर्यकांत पासवान व अन्य।

धरना पर बैठे विधायक सूर्यकांत पासवान ने बताया कि हेमनपुर में 1984 से जमींदारों की बेनामी जमीन वहां के गरीबों के दखल में है। ऐसे जमीन को बखरी के अंचल अधिकारी द्वारा मोटी रकम लेकर मोटेशन कर दिया गया है। जब उन्होंने इसकी शिकायत किया गया तो अंचलाधिकारी ने बदसलूकी से बात की। इसलिए अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निलंबित करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे हैं।

विधायक का कहना है कि हेमनपुर गांव में 1984 में तत्कालीन सांसद सूर्यनारायण सिंह उर्फ सूरज दा के नेतृत्व जमींदारों के 110 बीघा बेनामी जमीन पर गरीबों को दखल करवाया गया। उक्त जमीन में से कुछ पार्ट को बखरी सीओ के मिलीभगत से भूमाफिया को केवाला करवाया गया। बिना स्थल निरीक्षण के ही उक्त जमीन को भूमाफिया के पक्ष में मोटेशन कर दिया गया है।

विधायक द्वारा धरना दिए जाने की जानकारी मिलते ही उनके समर्थन में सैकड़ों महिलाएं लाठी, डंडा और झाड़ू लेकर अंचल कार्यालय पहुंच गई तथा जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। समाचार भेजे जाने तक विधायक का धरना जारी है और वह कार्रवाई की मांग पर डटे हुए हैं। इधर, गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि-सह-भाजपा नेता अमरेन्द्र कुमार अमर ने विधायक के इस कार्यवाही का जोरदार विरोध किया है।

अमरेन्द्र कुमार अमर ने कहा है कि पंचायत सरकार भवन के लिए दान की गई 12 कट्ठा जमीन एवं पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा और मंजू देवी सहित अन्य लोगों की करीब दो बीघा जमीन पर लाल झंडा गाड़ कर कब्जा करते हुए भाकपा के लोगों ने पुराने दिनों की याद ताजा कर दी है। जिला प्रशासन अविलंब संज्ञान ले। अपराधिक कृत्य से बचने के लिए विधायक अंचल कार्यालय पर धरना का नाटक कर रहे हैं, जिला प्रशासन निष्पक्ष जांच कराए।

## फारबिसगंज-सहरसा-दरभंगा रेलखंड पर दो जोड़ी ट्रेनों की मिली स्वीकृति

AGENCY ARARIA:

अररिया, 12 मई(हि.स.)। फारबिसगंज-सहरसा-दरभंगा रेलखंड पर रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड से दो जोड़ी ट्रेनों के परिचालन की अनुमति मिली है। हालांकि रेल बोर्ड से पारित दो जोड़ी ट्रेनों की स्वीकृति में कब से इस रेलखंड पर ट्रेन का परिचालन शुरू होगा, इसका जिक्र नहीं है। इससे पहले दो जोड़ी ट्रेनों के परिचालन को पूर्व में स्वीकृति मिली थी। जिसमे एक भाया ललितग्रम, फारबिसगंज दानापुर से जोगबनी और दूसरा जोगबनी से सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन को स्वीकृति दी गयी थी।

रेलवे बोर्ड से मिली स्वीकृति में 05515-05516 सहरसा से ललितग्राम तक चलने वाली स्पेशल ट्रेन का विस्तार फारबिसगंज जंक्शन तक किया गया है। वहीं दूसरा 05579-05580 दरभंगा झंझारपुर तक चलने वाली स्पेशल ट्रेन का विस्तार फारबिसगंज तक किया गया है। इन दोनों ट्रेनों का ठहराव रेलखंड के सभी स्टेशनों पर किया गया है।

सहरसा से ललितग्राम फारबिसगंज तक चलने वाली ट्रेन सहरसा से सुबह 6 बजकर 45 मिनट में खुलेगी और ललितग्राम साढ़े नौ बजे पहुंचेगी और फिर ललितग्राम से नौ बजकर 50 मिनट में खुलकर फारबिसगंज 11 बजे पहुंचेगी। जबकि फारबिसगंज से यह ट्रेन सहरसा के लिए 12 बजकर खुलकर दोपहर एक बजकर 10 मिनट में ललितग्राम पहुंचेगी और फिर ललितग्राम से एक बजकर 30 मिनट में खुलकर 4 बजकर 40 मिनट में सहरसा पहुंचेगी।

## बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाते अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मचारी।

AGENCY BAGHA:

बगहा अनुमंडलीय अस्पताल परिसर मे शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा. केबीएन सिंह ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत करके सभी अस्पताल कर्मचारियों को बधाई दी।

डा. सिंह ने कहा कि हर साल 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस यानी इंटरनेशनल नर्स डे मनाया जाता है। लोग जानना चाहते हैं कि हम विश्व नर्स दिवस क्यों मनाते है, तो हर साल फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन की वर्षगांठ के तौर पर इस दिवस को मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को दुनिया की पहली नर्स कहा जाता है। उन्होंने क्रीमियन वार के दौरान लालटेन लेकर जख्मी ब्रिटिश सैनिकों की देखभाल की थी। इसी वजह से उन्हें लेडी विद द लैंप भी कहा गया है।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में नर्सेस अपनी परवाह किए बिना मरीज की पूरे मन से सेवा कर उनकी जान बचाती है,ऐसी नर्सों के साहस और सराहनीय काम के लिए ये खास दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी नर्सो को भी सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर कार्य करने के लिए शालिनी कुमारी को पटना में सम्मनित किया जायेगा।

### गृह मंत्रालय के आदेश पर भारत-नेपाल सीमा पर प्रशासन की ओर चला बुलडोजर

## Noman's Land को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

AGENCY ARARIA:

गृह मंत्रालय के आदेश पर भारत-नेपाल सीमा के नोमैन्स लैंड पर प्रशासन की ओर से दो दिनों से बुलडोजर चलाकर सैकड़ों वर्षों से अवैध रूप से अतिक्रमित झुग्गी झोपड़ी, मकान और दुकानों को तोड़कर हटाया जा रहा है। गुरुवार को शुरू हुआ यह अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा।

भारत-नेपाल सीमा पर अतिक्रमण मुक्त करता बुलडोजर।

सीमा पर कस्टम विभाग की ओर से बने चेकपोस्ट को तोड़कर हटा दिया गया। सख्त रवैया अपनाते हुए प्रशासन ने नोमैन्स लैंड को अतिक्रमण मुक्त करवाया। दो दिन पूर्व ही प्रशासन द्वारा माइकिंग कर लोगो को नोमैन्स लैंड को खाली करने का निर्देश दिया गया था।

नोमैन्स लैंड को अतिक्रमण मुक्त करवाने हेतु फारबिसगंज एसडीओ सुरेन्द कुमार अलबेला के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस के साथ सैकड़ों की संख्या में एसएसबी के जवान जोगबनी बॉर्डर पर शुक्रवार को पहुंचे और फिर दूसरे दिन कठोर रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बने झोपड़ी, दुकान और मकान पर बुलडोजर चलाकर अवैध रूप से कब्जा किए हुए जमीन को कब्जा मुक्त करवाया।

मौके पर फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद, जोगबनी थानाध्यक्ष भगतलाल मंडल, बथनाहा थाना प्रभारी नंदकिशोर नंदन, फुलकाहा थाना सहित एसएसबी के अतिरिक्त जवान और महिला सिपाही जोगबनी पंहुचे थे ताकि किसी भी प्रकार के हंगामे से निबटा जा सके।

नोमैन्स लैंड को अतिक्रमणमुक्त करने की कवायद गुरुवार को टिकुलिया बस्ती वार्ड संख्या तीन से शुरू की गई। वही टिकुलिया में नोमैन्स लैंड पर अतिक्रमण कर बनाये गये पचास से अधिक घरों को तोड़ा गया। वही नोमैन्स लैंड पर अतिक्रमण कर बनाये गये कस्टम के अस्थायी चेकपोस्ट को भी तोड़कर हटाया गया।

1988 में पूर्णिया जिला के अंतर्गत आने वाले जोगबनी में उस समय के तत्कालीन जिलाधिकारी रामसेवक शर्मा द्वारा नोमैन्स लैंड से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया था लेकिन अररिया जिला बनने के बाद प्रशासनिक उदासीनता के कारण नोमैन्स लैंड को पुनः अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर उस पर झुग्गी झोपड़ी और दुकान बना लिया गया।अब जाकर गृह मंत्रालय के आदेश पर पुनः एकबार नोमैन्स लैंड को अतिक्रमणमुक्त करवाया गया है।

इस मौके पर फारबिसगंज एसडीओ सुरेंद्र कुमार अलबेला ने कहा कि गृह मंत्रालय के आदेश के आलोक में नोमैन्स लैंड को अतिक्रमणमुक्त करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा की एक बार अतिक्रमणमुक्त हो जाने के बाद ये जगह पूरी तरह से खाली रहेगी। नोमेन्स लैंड एरिया को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए इंडो नेपाल दोनों देशों के अधिकारी लगे हैं।

## BRIEF NEWS

### मुजफ्फरपुर में लगी आग में तीन लोगों की मौत, दो घायल

PATNA : बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कथैया थाना क्षेत्र स्थित जसौली गांव के बाबु टोला में शुक्रवार को भीषण आग लग गयी। घटना में झुलसने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हैं। घायलों में दो लोगों की स्थित नाजुक बतायी जा रही है। मृतकों में हाफिज मिया, मुमनेश बेगम और अलीना बेगम हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है।

### बिहार के कैमूर से यूपी के रॉबर्ट्सगंज जा रही यात्री बस पलटी, 17 घायल

PATNA : बिहार में कैमूर जिले के भभुआ से उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज जा रही एक निजी बस शुक्रवार को अधौरा के जंगल में लोहदी पुल के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में 17 यात्री घायल हो गए, जिनमें नौ महिलाएं हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बस से बाहर निकाल कर अधौरा, भगवानपुर और भभुआ के अस्पतालों में ले जाया गया। घायलों में उत्तर प्रदेश के खलियार रामपुर निवासी बनारसी जायसवाल, मिजार्पुर के रामगढ़ निवासी सूर्य प्रताप सिंह और पत्नी लक्ष्मी मौर्या, पड़री रामगढ़ की गीता देवी, राबर्टसगंज के यमराज सिंह, सिकरवार के रामजन्म यादव, बांकी की कबूतरी देवी के अलावा बस कंडक्टर उजारी सिकठी निवासी नसीम खां, अधौरा के सिकरी की चंद्रावती देवी, देवरी की निरी देवी, नागेंद्र साह, भभुआ की मणि देवी, सिकरी की ज्ञानी देवी, कोल्हुआ के जगेश्वर सिंह, कुरुआसोत की संजली देवी कुरुआसोत, देवरी के मनोज कुमार, संगीता कुमारी हैं। सभी यूपी और बिहार के रहने वाले हैं। दुर्घटनाग्रस्त बस श्रीराम कंपनी की है। घटना के बाद चालक और खलासी दोनों गायब हो गये। घटनास्थल भभुआ शहर से करीब 25 किलोमीटर दक्षिण में है। बताया जा रहा है कि बस ड्राइवर की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। यात्रियों के अनुसार बस चालक काफी तेज गति से बस चला रहा था। कई बार यात्रियों ने उसे धीरे चलाने को कहा लेकिन इसके बाद भी वो किसी की बात नहीं सुन रहा था। बार-बार लग रहा था कि बस घाटी में पलट जाएगी। यात्री मजबूर रहे और आखिरकार बस पलट गयी।

### वैशाली में पीपा पुल के बीच का हिस्सा खुला, चिलचिलाती धूप में फंसे लोग और गाड़ियां

PATNA : बिहार के वैशाली जिले में गंगा नदी पर बने पीपा पुल का बीच का भाग खुल गया, जिससे पुल के दोनों तरफ आम लोगों और गाड़ियों की लम्बी कतार लग गयी है। इस चिलचिलाती धूप में लोग इस पुल के वापस जुड़ने का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, पीपा पुल जिले के बिदुपुर के चकौसन से राघोपुर के पहाड़पुर तक तीन किलोमीटर लंबा है। इसके बीच का भाग खुल जाने से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग पुल के दोनों तरफ फंसे हुए है। पुल के ऊपर से कोई वाहन मुड़ कर वापस भी नहीं आ सकता है। पुल निर्माण निगम लिमिटेड मुजफ्फरपुर के अनुसार नाव क्रॉस कराने के लिए पुल को बीच से खोला गया है।अचानक से गंगा में एक बड़ी नाव आ गई तो इस नाव को निकालने के लिए पुल को खोला गया है। लगभग तीन घंटे से लोग कड़ी धूप में फंसे हुए हैं और बताया जा रहा है कि अभी पीपा पुल को जोड़ने में 3 घंटे और लग सकते हैं। हाजीपुर सदर एसडीओ अरुण कुमार ने बताया है कि पुल खोलने से पूर्व स्थानीय प्रशासन और थाना को सूचना देनी होती है लेकिन ऐसा नहीं किया गया। पुल निगम से जवाब मांगा गया है कि क्यों बगैर जानकारी के पुल को खोला गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बेगूसराय जिले में होगी 4643 शिक्षकों की नियुक्ति

BEGUSARAI : बिहार शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 के तहत जिले में वर्ग एक से पांच माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक में सीटों का निर्धारण कर दिया गया है। बेगूसराय जिले में 4643 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। जिसमें प्रथम से पंचम वर्ग तक के लिए 2462 पदों पर बहाली होगी। वहीं, माध्यमिक में 625 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। जिसमें हिन्दी के लिए 153, गणित के लिए 153, समाजिक विज्ञान के लिए 153, उर्दू के लिए 50, अरबी के लिए पांच, फारसी के लिए सात एवं संस्कृत के लिए 68 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। उच्च माध्यमिक में 1556 पदों पर शिक्षक की नियुक्ति होगी। जिसमें जीवविज्ञान के 148, रसायन शास्त्र के 132, गणित के 74, भौतिकी के 83, अर्थशास्त्र के 27, भूगोल के 28, इतिहास के 162, गृह विज्ञान के 35, संगीत के लिए 53, दर्शन शास्त्र के लिए पांच, राजनीति विज्ञान के 148, मनोविज्ञान के 56, समाज शास्त्र के 40 पदों पर नियुक्ति होगी। इसी प्रकार उच्च माध्यमिक में ही एकाउंट के 17, बिजनेस स्टडी के 37, ईपीएस के 14, एनआरबी के 20, अरबी के पांच, कम्प्यूटर विज्ञान के पांच, अंग्रेजी के 66, हिन्दी के 85, पर्शियन के पांच, संस्कृत के 28, उर्दू के 46 पदों पर नियुक्ति होगी। नई नियमावली के तहत होने वाली नियुक्ति के लिए रिक्त पदों का विवरण शिक्षा विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है।

### पुलिस की गोली से घायल युवक की 45 दिन बाद मौत

PATNA : राजधानी पटना में बीते 28 मार्च से इलाजरत पुलिस की गोली से घायल युवक की शुक्रवार अल सुबह मौत हो गई। जहानाबाद जिले के ओकरी थाना की पुलिस के द्वारा पिछले 28 मार्च को वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने के जुर्म में एक युवक सुधीर कुमार जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है जो मैयमा कोरथु गांव निवासी था। उसे गोली मार दिया था। जिसके बाद घायल युवक का नालंदा जिले के हिलसा में इलाज के बाद पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। घायल युवक की 45 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक युवक सुधीर परिवार में इकलौता संतान था। ओकरी थाना की पुलिस पिछले 28 मार्च को ओकरी थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव के समीप वाहन चेकिंग कर रहा था। उसी दौरान यह युवक मोटरसाइकिल से बंधुगंज बाजार जा रहा था। हेलमेट नहीं रहने के कारण यह युवक वाहन चेकिंग देखकर घबरा गया और वहां से भागने लगा उसी दौरान ओकरी थाना में पदस्थापित दरोगा मुमताज आलम ने पीछे से युवक को गोली मार दिया। गोली लगने के बाद भी युवक मोटरसाइकिल से आगे चलते गया पर कुछ दूर आगे जाने के बाद वह सड़क किनारे गिर गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज कराया गया और उसके बाद उसके परिजनों को सूचना देने के बाद परिजन उसे हिलसा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और वहां से डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया था। जहां वह एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान मौत हो गई।

### बिहार के जहानाबाद में ईदगाह कमेटी के सदस्य की गोली मारकर हत्या

JAHANABAD : बिहार के जहानाबाद में ईदगाह कमेटी के सदस्य की अपराधियों ने गोली मारकर शुक्रवार को हत्या कर दी है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। बाइक सवार अपराधियों ने हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जहानाबाद जिले में इन दिनों अपराधी घटनाएं काफी बढ़ गई है। अभी दो दिन पूर्व ही जिले के चर्चित ठेकेदार चंदन कुमार की हत्या कर दी गयी थी। पुलिस इस घटना की गुत्थी अभी सुलझा भी नहीं पाई थी कि जहानाबाद में फिर एक हत्या कर दी गयी। ईदगाह कमेटी के सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज आलम की अपराधियों ने पटना-गया मुख्य सड़क मार्ग पर स्टेट बैंक के पास गोली मारकर हत्या कर दी। बाइक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। फिरोज आलम को गोली मारकर अपराधी मौके से फरार हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में जहानाबाद सदर अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# खत्म हुई अनिश्चितता

शिवसेना में पिछले साल हुई फूट और उसके बाद राज्य में बनी नई सरकार को लेकर गुरुवार को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जिन लोगों ने किसी बड़े राजनीतिक उलटफेर की उम्मीद लगा रखी थी, उन्हें जरूर थोड़ी निराशा हुई होगी, लेकिन संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूती देने के लिहाज से यह बेहद महत्वपूर्ण फैसला है। सीजेआई की अगुआई वाली संविधान पीठ ने पिछली उद्धव ठाकरे सरकार की बहाली का आदेश भले ही न दिया हो, लेकिन यह स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं छोड़ी कि विधानसभा में बहुमत परीक्षण कराने का तत्कालीन राज्यपाल का फैसला गलत था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कहा कि ह्यन तो संविधान और न ही कानून राज्यपाल को यह शक्ति देता है कि वह विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच या किसी खास दल के अंदर उभरे विवादों को निपटाने में कोई भूमिका निभाए।ह्न कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्यपाल ने जितने भी इनपुट पर भरोसा किया, उनमें से कोई भी यह नहीं बताता कि असंतुष्ट विधायक सरकार से समर्थन वापस लेना चाहते थे। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर वह पिछली सरकार को बहाल करने का आदेश नहीं दे पा रहा तो सिर्फ इसलिए क्योंकि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विश्वास मत का सामना करने से पहले ही खुद इस्तीफा दे दिया था। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में शिंदे गुट समर्थित एक विधायक को शिवसेना का विप नियुक्त करने के फैसले को भी गैरकानूनी करार दिया। इस मामले में कोर्ट का यह स्पष्टीकरण आगे भी पीठासीन अधिकारियों का मार्गदर्शन करेगा कि विप की नियुक्ति विधायक दल के नहीं, पार्टी के अधिकार क्षेत्र की बात है। अपने दायरे का पूरा सम्मान करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों की पात्रता का फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया। जाहिर है, इसके बाद मौजूदा शिंदे सरकार के अस्तित्व पर मंडरा रहे जिस संकट की पिछले कई दिनों से महाराष्ट्र के राजनीतिक हलकों में चर्चा थी, वह टल गया है। एक लिहाज से यह विपक्षी महाविकास गठबंधन के लिए भी राहत की बात है। जिस कथित संकट के कारण एनसीपी में फूट की आशंका जताई जा रही थी, वह संकट नहीं रहा तो अब सरकार बचाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत भी नहीं रही। इस पूरे प्रकरण में यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि भले कोर्ट ने अपने फैसले में यह बात कही नहीं हो, लेकिन जब गवर्नर का फ्लोर टेस्ट कराने का फैसला अवैध साबित हो गया तो उसकी वजह से बनी सरकार की वैधता कैसे बरकरार मानी जा सकती है। उद्धव ठाकरे ने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांग कर यही संकेत दिया है कि वह इस आधार पर मौजूदा सरकार को घेरते रहेंगे। लेकिन बीजेपी और शिंदे गुट की मुख्य चिंता उनकी यह मांग नहीं बल्कि 2024 के चुनावों में विपक्षी गठबंधन की ओर से मिलने वाली चुनौती होगी।

# जेल भी सुरक्षित नहीं

दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी और देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल के अंदर चार कैदियों ने जिस तरह से एक अन्य कैदी की हत्या कर दी, वह न केवल हैरत में डालती है बल्कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। टिल्लू ताजपुरिया नाम के इस गैंगस्टर की हत्या से जुड़े डीटेल्स परेशान करने वाले हैं। इससे साफ हो जाता है कि यह हीट ऑफ द मोमेंट में अचानक की गई ऐसी हत्या नहीं है, जिसके बारे में किसी को भी पहले से कोई अंदाजा नहीं था और इसीलिए उसे रोकने के लिए कुछ करने का मौका नहीं मिला। यह जेल की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकियों पर गौर करने के बाद सुनियोजित ढंग से अंजाम दी गई घटना लगती है। इस घटना से जुड़ी दोनों गैंगों के बीच की दुश्मनी कोई छिपी हुई बात नहीं थी, जो लंबे समय से चली आ रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि मारे गए गैंगस्टर को एक सप्ताह पहले सुरक्षा कारणों से ही मंडोली जेल से तिहाड़ लाया गया था। जाहिर है, इसके पीछे सोच यही रही होगी कि तिहाड़ जेल में वह ज्यादा सुरक्षित होगा। इसमें कुछ अस्वाभाविक भी नहीं था क्योंकि न केवल सुरक्षा की दृष्टि से बल्कि अन्य पैमानों पर भी तिहाड़ देश की सबसे मॉडर्न और सबसे अच्छी जेलों में गिनी जाती है। ऐसे में यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि जब तिहाड़ जेल का यह हाल है तो बाकी जेलों की क्या स्थिति होगी। इस हत्या से जो दो गैंग जुड़े हैं, उनकी दुश्मनी की शुरूआत 2013 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कॉलेज के स्टूडेंट यूनियन चुनाव से हुई बताई जाती है। उसके बाद इनके बीच हमलों और हत्याओं का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसमें अब तक दोनों गैंग सरगनाओं सहित 22 लोगों की जानें जा चुकी हैं। जिस तरह से यह गैंगवॉर चलती रही, उससे स्पष्ट है कि जेल के अंदर या बाहर होने, पुलिस हिरासत में होने, यहां तक कि अदालत परिसर में होने से भी इस पर कोई फर्क नहीं पड़ा। टिल्लू गैंग के लोगों ने जब विरोधी गैंग के जितेंदर गोगी की हत्या की, तब वह सुनवाई के लिए रोहिणी कोर्ट ले जाया गया था। खुद टिल्लू भी तब जेल में था और जेल के अंदर से ही अपनी गैंग चला रहा था। जाहिर है, यह पूरा मामला तिहाड़ या किसी भी एक जेल की व्यवस्था में हलकी फुल्की चूक या लापरवाही का फायदा उठाने का नहीं बल्कि अपराध नियंत्रण की हमारी पूरी व्यवस्था की नाकामी का, उसके काफी हद तक निष्प्रभावी होने का है। इसमें जल्द से जल्द सुधार लाने की जरूरत है।

# 'लव जिहाद' के घात पर योगी सरकार का कुठाराघात

ANALYSIS

प्रणय विक्रम सिंह

**जब तक पीड़िता को मालूम होता है कि उसके साथ सुनियोजित छल हुआ है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अब धर्मांतरण ही एक मात्र विकल्प होता है। उसके बाद भी अपमान, प्रताड़ना और पश्चाताप के अंतहीन अंधेरे पीछा नहीं छोड़ते। यदि पीड़िता ने धर्मांतरण से इंकार कर दिया तो बेरहम कत्ल तोहफे में मिलता है। सारी समस्या, अपने मजहब को सर्वोत्तम मानने के साथ ही उसे दूसरों को भी मनवाने की जिद और जद्दोजहद से शुरू होती है। सुन्नत और फर्ज जैसे लफ्जों के दीनी वर्क में लिपटे होने के कारण जबरन धर्मांतरण के लिए अमानवीयता की हदें लांघने में भी गुरेज नहीं किया जाता है।**

लव के शर्बत में जब जिहाद का जहर मिल जाए तो उसका दर्दनाक और जानलेवा हो जाना लाजमी है। इस लव जिहाद के जहर की तासीर कुछ ऐसी होती है कि बेबसी, बदनामी, घुटन, टूटन, तड़पन और आंसुओं के सैलाब में डूबती-उतराती मजबूर जिंदगी आखिरकार मौत की दहलीज पर दम तोड़ देती है।

राष्ट्रद्रोही और इंसानियत के विरोधी इस जिहादी जहर से उत्तर प्रदेश को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने साल 2020 में ही ह्यउत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 को लागू कर दिया था। उसका ही परिणाम है कि प्रदेश की 185 पीड़ित महिलाओं को न्यायालय के समक्ष अपने जबरन धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कहने का अवसर मिल सका। वहीं नाबालिगों के कन्वर्जन के अब तक 65 मामले दर्ज किए गए हैं।

दुर्भाग्य है कि ये अवसर, श्रद्धा, निकिता तोमर, नेशनल शूटर तारा सहदेव, आराधना जैसी हजारों लड़कियों को नहीं मिल पाया। उन्हें जिहादी जहर ने बड़ी ही बेदर्दी से लील लिया।

मजहबी कट्टरता की कोख से जन्मे लव जिहाद की तपिश से कराहती मानवता की दर्दनाक चीख द केरल स्टोरी से यह मुद्दा पुनः विमर्श का केंद्र बन गया है। दरअसल मतांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण की कुत्सित चेष्टा आज से नहीं सदियों पुरानी है। लोभ, कपट, झूठ और भय उसके बड़े हथियार हैं।

इस्लामी आक्राताओं ने छल, बल और जबरन धर्मांतरण से भारत को दारुल इस्लाम बनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जबरदस्त प्रतिरोध के कारण वे अपने मंसूबों में नाकामयाब रहे। उसके बाद इसाई मिशनरियों ने भी यही कार्य किए। उद्देश्य उनका भी भारत को होली लैंड बनाना था बस शैली इस्लामी आंक्राताओं से थोड़ी जुदा थी। देश और समाज को संस्कृति परिवर्तन के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिशें आज भी जारी हैं।

हम देख सकते हैं कि रणबांकुरे, योद्धा जनजातियों की भूमि नार्थ ईस्ट आज क्रिस्तान बन अलगाव की आग में तप रही है तो दुनिया को इस्लामिक आग को शोलों में जला रहा जिहाद का मायावी मारीच लव जिहाद का रूप धर देश की बेटियों की जिंदगी को बर्बाद कर रहा है।

जबरन धर्मांतरण का सबसे घृणित, अमानवीय और स्त्री विरोधी स्वरूप है लव जिहाद। अफसोस है कि अब इस वीभत्स कार्य में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी शामिल हैं। सार्वजनिक स्थल से लेकर वर्चुअल दुनिया तक पूर्ण नियोजन के साथ शिकार की तलाश होती है। कभी शकील शिवम बनकर आता है तो कभी साहिल सेकुलर चोले में। केरल से कश्मीर तक और कामरूप से कन्याकुमारी तक यही स्थिति है। आजाद भारत में यह आग दिन पर दिन फैल ही रही थी कि उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 के माध्यम से अनुचित तरीकों से धर्म परिवर्तन द्वारा देश और समाज को अस्थिर करने की कुचेष्टओं को संचालित करने वाले तंत्र पर योगी सरकार ने विधिक सर्जिकल स्ट्राइक कर सबको अंचभित कर दिया। इससे प्रेरित होकर अनेक राज्यों ने अपने यहां अवैधानिक धर्मांतरण कानून को लागू किया। यह कानून, धर्म की आड़ में षड़यंत्र करने वालों के मंसूबों को परिणामदायक प्रहार है।

अब मिथ्या निरूपण, बल, असम्यक प्रभाव, प्रलोभन या कपट पूर्ण माध्यम द्वारा धर्मपरिवर्तन का कृत्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है। धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से ही विवाह किया गया था, यह प्रमाणित होने पर विवाह को शून्य मान लिया जाएगा।

सबसे अच्छी बात तो यह है कि उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 पूर्णतः सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होता है, जिसके कारण भारत का पंथनिरपेक्ष स्वरूप और मजबूत होता है। यह कानून मौजूदा हालातों की जरूरत है।

गौरतलब है कि लव जिहाद या रोमियो जिहाद की अवधारणा भारत में साल 2009 में पहली बार केरल और उसके बाद कर्नाटक के कैथोलिक ईसाइयों के शोर के बाद राष्ट्रीय ध्यानाकर्षण का सबब बनी थी। उनका दावा था कि लगभग 4000 बेटियों को प्रलोभन देकर या डरा कर मुसलमान बना लिया गया है। कुछ मामले उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में भी चले थे। केरल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति केटी शंकरन ने जबरदस्ती धर्मांतरण की बात को स्वीकार भी किया था। सरकारी जांच एजेन्सियों ने अपनी विवेचना में यह पाया था कि कुछ इस्लामी संगठन बाकायदा धर्म-परिवर्तन (तगय्युर) की मुहिम चलाए हुए हैं। इस मुहिम को एक आंदोलन का रूप देने की कोशिश लगातार की जा रही है।

विदित हो कि राम और कृष्ण की पावन धरा पर न तो कभी प्रेम वर्जित था न ही प्रेम विवाह। लेकिन प्रेम की आड़ में धर्म परिवर्तन के षड़यंत्र को भला कैसे स्वीकार किया जा सकता है? रहमान के रमेश बनकर प्रेम जाल बुनने की घटनाएं तो जब-तब अखबार की सुर्खियां बनती ही रहती हैं। यह एक वृहद सुनियोजित संगठनात्मक षड़यंत्र का हिस्सा है।

दरअसल मुस्लिम शादियां शरीयत के अनुसार होती हैं, जिनमें वर और कन्या दोनों का मुस्लिम होना अनिवार्य होता है, अतः शादी के समय धर्मांतरण स्वाभाविक रूप से हो जाता है। लेकिन यदि शादी के लिए मजहब बदलना पड़े तो फिर उसे अंतरधार्मिक विवाह कैसे कहा जा सकता है? इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि शादी-ब्याह के लिए धर्म-परिवर्तन आवश्यक नहीं है। यह वैध नहीं है। कुछ ऐसे ही विचार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी थे, जब इंदिरा गांधी की शादी फिरोज गांधी से हो रही थी, तब उन्होंने कहा था कि शादी के लिए धर्म परिवर्तन की जरूरत नहीं है।

पीड़ा यहीं से शुरू होती है। जब तक पीड़िता को मालूम होता है कि उसके साथ सुनियोजित छल हुआ है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अब धर्मांतरण ही एक मात्र विकल्प होता है। उसके बाद भी अपमान, प्रताड़ना और पश्चाताप के अंतहीन अंधेरे पीछा नहीं छोड़ते। यदि पीड़िता ने धर्मांतरण से इंकार कर दिया तो बेरहम कत्ल तोहफे में मिलता है। सारी समस्या, अपने मजहब को सर्वोत्तम मानने के साथ ही उसे दूसरों को भी मनवाने की जिद और जद्दोजहद से शुरू होती है। सुन्नत और फर्ज जैसे लफ्जों के दीनी वर्क में लिपटे होने के कारण जबरन धर्मांतरण के लिए अमानवीयता की हदें लांघने में भी गुरेज नहीं किया जाता है।

खैर, यूपी में योगी सरकार की सक्रियता और गंभीरता के कारण इस पर काफी हद तक लगाम लगी है। विदित हो कि उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 के अंतर्गत दिनांक 27-11-2020 से 30-04-2023 तक कुल 433 पंजीकृत अभियोगों में 1229 लोग नामजद हुए, 855 लोग गिरफ्तार हुए और 339 मामलों में आरोप पत्र भी दाखिल हो गए हैं। सख्त कानूनी कार्यवाहियों ने जिहादी जहर के सौदागरों के मन में डर तो पैदा किया है। काबिल-ए-गौर है कि यह समस्या पूरे देश की है किंतु इसके निदान हेतु परिणामदायक पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई। यही नायकत्व है। लव जिहाद से प्रदेश की बेटियों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी के अभिभावकत्वपूर्ण प्रयासों को तो दुनिया में दिल खोल के सराहना मिल रही है, जिहादी जहर से पीड़ित बेटियों के जीवन में इंसाफ और आत्मविश्वास का प्रकाश फैल रहा है।

लेकिन सारी जिम्मेदारी सरकार की नहीं है। अपने धर्म, संस्कृति, संस्कार और परम्पराओं को प्रति बच्चों को जागृत करना, उनके अंदर गौरव बोध उत्पन्न करना परिवार का दायित्व है। यह युद्ध वास्तविक और आभासी दुनिया दोनों जगहों पर लड़ा जा रहा है। योगी सरकार मोर्चे पर डटी है समाज को भी पूरी तरह सहभागी बनना ही होगा। ध्यान रहे, जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध।

# अमेरिकी संकट से क्या है दुनिया का डर, जी-7 मीटिंग पर टिकी हैं नजरें

स्वर्ण सिंह

आज 12 मई को महामारी और यूक्रेन युद्ध से प्रभावित अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर तोक्यो में चिंतन कर रहे जी-7 के विकसित देशों का सारा ध्यान अमेरिका की अपने राष्ट्रीय ऋण की किस्तें ना भर पाने से बनती परिस्थिति पर होगा। तोक्यो में जी-7 के वित्त मंत्रियों और राष्ट्रीय बैंकों के अध्यक्षों की इस बैठक में ही नहीं, अगले सप्ताह हिरोशिमा में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भी यह मुद्दा खास बना रह सकता है। यह भारत के लिए भी चिंता का विषय है और इसकी ठोस वजहें हैं।

- आज भारत की छोटी-बड़ी कंपनियों का भी अमेरिका में 40 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश है।
- अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक हिस्सेदार और निर्यात का सबसे बड़ा गंतव्य है।
- बात यह है कि यदि अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत वाली संसद इस महीने के अंत तक अमेरिका की ऋण उठाने की मौजूदा 31.4 खरब की सीमा को बढ़ाने पर सहमत नहीं होती तो इतिहास में पहली बार अमेरिका अपने ऋण की किस्तें चुका पाने में विफल घोषित हो जाएगा।
- अमेरिकी संसदों से बातचीत के बाद पिछले मंगलवार राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ कहा कि यदि यह टकराव जल्द नहीं सुलझा तो वह हिरोशिमा जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो पाएंगे।
- अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी और इंटरकनेक्टेड अर्थव्यवस्था है। इसलिए इस आर्थिक संकट का प्रभाव न केवल अमेरिका के जनजीवन पर बल्कि पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।
- कर्ज की सीमा न बढ़ाए जाने पर ऋण की किस्तों के साथ अमेरिका में सरकारी कर्मचारियों के वेतन और दूसरी कल्याणकारी योजनाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।

## पहले भी हुआ है टकराव

कर्ज की सीमा पर बने टकराव से अमेरिका में निवेश करने वाले देशों और कंपनियों की घबराहट बढ़ी है। इनमें ज्यादा निवेश जी-7 देशों से ही आया है। उनके अलावा, अमेरिका के राष्ट्रीय ऋण में दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा चीन का है। चीन आज विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। कुछ वर्षों में उसके अमेरिका से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में आज जब जी-7 देश विश्व की चीन पर अति निर्भर उत्पादन और आपूर्ति चेन के बीच संतुलन लाना चाहते हैं और यूक्रेन युद्ध में चीन और रूस की बढ़ती हिस्सेदारी को लेकर उन पर आर्थिक प्रतिबंधों को और कड़ा करना चाहते हैं तो अमेरिका का कर्ज चुकाने में विफलता का परिदृश्य उनकी कमजोरी बन जाता है। इसका असर वैश्विक व्यापार पर हो सकता है और यह कई स्तरों पर दिख सकता है।

- पांच जून से अमेरिका ऋण की किस्तें न चुका पाए तो अमेरिकी डॉलर कमजोर हो सकता है।
- इससे न केवल अमेरिका की साख पर बुरा असर होगा और उसके शेयर बाजार में उथल-पुथल मचेगी बल्कि विश्व बाजार में चीजों की कीमतें भी तेजी से बढ़ सकती हैं। खासकर सोने की कीमत में तेजी आ सकती है, जिसे सभी देशों में मुद्रा की कीमत का मानक माना जाता है।
- भारत के लिए बढ़ती कीमतें और चीन का बढ़ता ऊर्जा आयात चिंता का कारण हो सकते हैं।

वैसे उम्मीद है कि राष्ट्रपति बाइडन की अगुआई में अमेरिका की रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के नेता समय रहते इस टकराव को सुलझा लेंगे। यह इसलिए भी संभव है क्योंकि पिछले दशक में यह ऐसा तीसरा टकराव है और हर बार इसके पीछे राजनीति ही रही है। इस बार भी रिपब्लिकन विपक्ष राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाइडन को फायदा पहुंचाने वाली कुछ कल्याणकारी योजनाओं में कटौती करवाने में लगा है। 2011 में पार्टी बराक ओबामा सरकार की कुछ कल्याणकारी कार्यक्रमों में कटौती कराने में सफल रही थी। तब ओबामा की काफी आलोचना हुई थी। अमेरिका का ऋण पात्रता-मूल्यांकन भी निचले स्तर पर कर दिया गया था। हालांकि उसका अमेरिका की ऋण उपलब्धता खास असर नहीं हुआ था। आज भी अमेरिका की साख पर भले असर हो, उसकी आर्थिक व्यवस्था पर बहुत आंच नहीं आएगी। लेकिन इससे वैश्विक बाजार में असंतुलन पैदा होगा, जिसका प्रभाव दूसरे देशों पर पड़ सकता है।

## निवेशकों की पसंद

अमेरिका दुनिया का वह देश है, जहां हर साल सबसे अधिक निवेश होता है। वर्ष 2021 में यह करीब 5 खरब डॉलर था। अमेरिका का कुल ऋण आज उसके सकल घरेलू उत्पाद का 133 प्रतिशत पहुंच चुका है, लेकिन कोई भी उसे कमजोर या विफल अर्थव्यवस्था नहीं मानता। उदाहरण के लिए, चीन और भारत का कुल ऋण उनके सकल घरेलू उत्पाद का क्रमशः 45 और 19 प्रतिशत है, लेकिन इसे अक्सर चिंता का विषय बताया जाता है। इसका मतलब है कि विश्व के देश अमेरिका को ऋण देने और वहां निवेश करने में अपना फायदा समझते हैं। लेकिन इसी वजह से उपजा अति-आत्मविश्वास अमेरिका के ऋण की किस्तें चुकाने में विफल होने पर विश्व के लिए कई अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर सकता है।

**(लेखक यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया में विजिटिंग प्रोफेसर और जेएनयू में प्रोफेसर हैं)**

## Social Media Corner

### सच के हक में...

आज झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। रांची में टाटा ट्रस्ट की मदद से निर्मित कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन हो रहा है। इस महत्वपूर्ण दिन के लिए टाटा समूह के वाइस चेयरमैन श्री नोएल टाटा जी समेत आप सभी लोगों को बधाई देते हुए आभार करता हूँ। काफी वर्षों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई छोटी-बड़ी चीजे जुड़ती आयी लेकिन जो कैंसर से सम्बंधित स्वास्थ्य सुविधा थी वो झारखण्ड में न के बराबर थीं। सरकार बनने के बाद से ही इस संदर्भ में कई प्रयास किए गए।

(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)

सीबीएसई की 12 वीं की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को मेरी ओर से बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। स्कूली शिक्षा के बाद अब आपके सामने संभावनाएं और चुनौतियां दोनों है। #NewIndia के निर्माण में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। जीवन के हर परीक्षाओं में आप सब यूं ही सफल होकर अपने माता पिता और देश का नाम रोशन करें, इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ आप सबों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)

# क्या कांग्रेस को भारी पड़ेगी यह गलती?

अवधेश कुमार

कुछ समय पहले तक कर्नाटक विधानसभा चुनाव के ज्यादातर सर्वेक्षण बता रहे थे कि बीजेपी के मुकाबले कांग्रेस को बढ़त मिली हुई है। लेकिन चुनाव प्रचार में बजरंगबली के प्रवेश ने सर्वेक्षण करने वालों और विश्लेषकों को नए सिरे से चुनावी माहौल का आकलन करने को विवश कर दिया है। कांग्रेस की बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के साथ ऐसा लग रहा है जैसे पूरा चुनाव इसी पर केंद्रित हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभाओं में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने श्रीराम को ताले में जकड़ा और अब बजरंगबली को बंद करने की बात कर रही है। हर सभा में जय बजरंगबली का नारा गूंज रहा है और प्रदेश में हनुमान चालीसा से लेकर हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ व अन्य कार्यक्रम होने लगे हैं। यह सब अस्वाभाविक नहीं है।

## फिर वही गलती

कांग्रेस के कुछ नेता बीजेपी पर चुनाव के हिंदूकरण का भले आरोप लगाएं, यह अवसर उन्होंने स्वयं अपनी नासमझी से दिया है। क्या घोषणापत्र में बजरंग दल को प्रतिबंधित करने का मुद्दा डालने वाले मान रहे थे कि बीजेपी इसे यूं ही जाने देगी? अगर हां तो कहना पड़ेगा कि दुर्दशा के बावजूद कांग्रेस ने न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीति में आने के बाद देश के बदले मानस और माहौल को समझा, न अपनी गलतियों से सीख ली।

- किसी के मन में कांग्रेस की दशा को लेकर संदेह हो तो वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बयान और गतिविधियों पर एक नजर डालना काफी होगा।
- शिवकुमार इस मामले पर हंगामा बढ़ने के बाद मंदिर पहुंचे और घोषणा कर दी कि पार्टी सत्ता में आई तो राज्य में जगह-जगह हनुमान मंदिर बनवाए जाएंगे और पुराने हनुमान मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।
- वहीं, वीरप्पा मोइली ने कहा कि बजरंग दल को प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव नहीं है और प्रदेश सरकार के पास इसका अधिकार भी नहीं है।

## संघ से चिढ़

ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर कर्नाटक के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष तक को पता नहीं कि उनके घोषणापत्र में यह विषय है तो कांग्रेस के रणनीतिकार हैं कौन लोग? हालांकि, इस घोषणा में आश्चर्य की कोई बात नहीं। सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने के बाद से ही वे शक्तियां उनके इर्द-गिर्द एकत्रित होने लगीं थीं, जिनकी विचारधारा में संघ और बीजेपी को हर हाल में खत्म करने के साथ अपने किस्म का लेफ्ट लिबरल सेकुलर नीतियों का परिवेश कायम करना था।

- पहला, मुसलमानों की दशा पर सच्चर आयोग का गठन और उसकी रिपोर्ट इसी सोच की उपज थी।
- दूसरा, गुजरात दंगों को केंद्र बनाकर मोदी विरोधी अभियान चलाया गया।
- तीसरा, वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह को जेल जाना पड़ा।
- चौथा, इशरत जहां मुठभेड़ को गलत साबित करने के लिए सीबीआई को लगा दिया गया, जिसका गृह मंत्रालय के तहत ही आने वाले आईबी से टकराव हो गया।
- पांचवां, भगवा आतंकवाद, हिंदू आतंकवाद, संघी आतंकवाद जैसी शब्दावलियां उत्पन्न की गईं। वहीं, झूठे मुकदमों और रिपोर्टों से ऐसे ताने-बाने बुनने की कोशिश हुई कि पूरा संघ परिवार ही मजहब आधारित संगठित हिंसा का आरोपी साबित हो जाए।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS

शहर में मनचलों की हरकतें जारी हैं। खास तौर पर शिक्षण संस्थानों के आसपास अड्डेबाजी, छुट्टी के समय लड़कियों पर कमेंट करने की हरकतों से ये मनचले बाज नहीं आ रहे हैं। कहने को तो कुछ स्कूल-कालेजों के बाहर छुट्टी के समय पुलिस की तैनाती रहती है लेकिन यह व्यवस्था फूलप्रूफ नजर नहीं आ रही। मनमानी करनेवाले अपनी हरकतें करते ही हैं, छुट्टी के समय जाम की समस्या रोज की बात हो गई है। अड्डेबाजी और मनमानी हरकत करने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। पुलिस शहर में विभिन्न स्कूल और कालेज के समीप गुरुवार को शक्ति कमांडो द्वारा अभियान चलाया गया। स्कूल और कालेज गेट के बाहर अड़डेबाजी करने वाले युवकों को खदेड़ कर भगाया गया। नशा करने वालों को युवकों को भी चिन्हित किया गया और उन्हें भगाया गया। कुछ युवकों को पकड़ा गया जिन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि हर दिन यह अभियान चलाया जाएगा। सिटी कंट्रोल रूम से स्कूल और कालेज के समीप नजर रखी जाएगी। जिस जिस इलाके में मनचलों को देखा जाएगा वहां पीसीआर और शक्ति कंमाडो को भेजा जाएगा। इसके अलावा माल और बाजार में भी पुलिस की नजर रहेगी। इस अभियान का असर भी दिखा। अड्डेबाजी करनेवाले युवक इधर-उधर भागने लगे। अब देखना यह है कि ऐसे तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जाए। दावे तो पहले भी कई बार किए गए हैं लेकिन कुछ खास हुआ नहीं।

**केशव कुमार, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल में आज दिल्ली को हराकर प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी पंजाब

**मुंबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। आईपीएल में शनिवार को पंजाब किंग्स ओर दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होगा। इस मुकाबले में पंजाब किंग्स का लक्ष्य किसी भी प्रकार से जीत दर्ज कर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाये रखना रहेगा। पंजाब की टीम 11 मैचों में पांच जीत से 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बचे हुए सभी तीन मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं रहेगा क्योंकि दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। इसके अलावा दिल्ली प्लेऑफ से तकरीबन बाहर हो गयी है। ऐसे में वह बिना किसी दबाव के खेलते हुए पंजाब के समीकरण बिगाड़ना चाहेगी। इस मैच में अगर दिल्ली बड़े अंतर से जीतती है तो उसके लिए एक हल्की सी उम्मीद बन सकती है। दिल्ली ने अभी तक 11 मैचों में केवल चार मैच जीते हैं और अगर वह अपने बचे हुए तीनों मैच में जीत भी लेती है तब भी उसके 14 अंक होंगे जो कि शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं पर अगर अन्य टीमों के परिणाम बेहद विपरीत आये तो उसके लिए एक उम्मीद बन सकती है पर इसकी संभावना न के बराबर है। पंजाब की टीम के लिए सकारात्तमक पक्ष ये है कि कप्तान शिखर धवन सहित उसके बल्लेबाज अब रन बना रहे हैं। वहीं दिल्ली की बल्लेबाजी बेहद कमजोर बनी हुई है। डेविड वॉर्नर और सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट व मिशेल मार्श पर जरुरत से ज्यादा निर्भरता से इन बल्लेबाजों पर भी दबावा पड़ा है। उसके मध्यक्रम के बल्लेबाज मनीष पांडे, रिपल पटेल और अमन खान भी रन बनाने में विफल रहे है। इससे निचले क्रम पर अत्याधिक दबाव आया है। ऑलराउंडर अक्षर पटेले ने ही अब तक कुछ हद तक रन बनाकर पारी को संभाला है।

कप्तान वॉर्नर भी पिछली पांच पारियों से असफल रहे हैं। वह पिछली तीन पारियों से दो अंकों में भी नहीं पहुंच पाये हैं। वहीं सॉल्ट ने दो पारियों में शानदार प्रदर्शन किया पर वह तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इनमें से दो मैच में वह खाता भी नहीं खोल सके थे। मार्श ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छी पारी खेली थी पर इसके बाद वह भी रन नहीं बना पाये हैं। गेंदबाजी में हालांकि दिल्ली का प्रदर्शन ठीक रहा है। स्पिनर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने अपनी भूमिका बेहतर तरीके से निभाई है। तेज

गेंदबाज इशांत शर्मा और खलील अहमद अधिकतर अवसरों पर विकेट नहीं ले पाये हैं। तेज गेंदबाज एनरिक नार्किया के नहीं होने से भी टीम को नुकसान हुआ है।

वहीं दूसरी ओर पंजाब को पिछले मैचों में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा है। इससे उसका मनोबल गिरा हुआ है। ऐसे में अब उसे पिछले खराब प्रदर्शन से उबरकर वापसी करनी होगी। पंजाब के लिए पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया पर गेंदबाज विफल रहे। टीम बल्लेबाजी के लिए धवन पर ही आधारित हो गयी है जिससे भी उसे नुकसान होता है। धवन के सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। विकेटकीपर जितेश शर्मा और ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी की है पर भानुका राजपक्षे चोट से वापसी करने के बाद से ही लय में नहीं हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन अच्छा रहा है पर उन्हें अन्य तेज गेंदबाज नाथन एलिस और सैम कुरेन का सहयोग नहीं

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), शाहरुख खान, मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, भानुका राजपक्षे, जितेश शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, नाथन एलिस, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, हरप्रीत बराड़, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, हरप्रीत भाटिया, विद्वाथ कावेरप्पा, मोहित राठी, शिवम सिंह।

**दिल्ली कैपिटल्स:** डेविड वॉर्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, सरफराज खान, अमन हाकिम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल।

अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

# पहलवानों के फोन की जासूसी हो रही : बजरंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर यहां जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों ने गुरुवार अपने सिर और बाहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इस दौरान पहलवान बजरंग ने आरोप लगाया कि उनके फोन कॉल की भी जासूसी हो रही है। बजरंग के साथ धरने पर विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, सत्यव्रत कादियान, जितेंद्र किन्हा और कई अन्य कई दिग्गज और युवा पहलवान भी हैं। बजरंग ने इस अवसर पर कहा, '' बृजभूषण के विरोध में हमने काला दिवस मनाया है। हमें अपनी जीत का पूरा भरोसा है क्योंकि हमारी लड़ाई में पूरा देश हमारे साथ है।'' उन्होंने कहा, '' दिन-ब-दिन हमारा विरोध जोर पकड़ रहा है और हम तब तक लड़ते रहेंगे जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता।'' उन्होंने साथ ही कहा, '' आजकल हमारे फोन नंबरों की भी जासूसी की जा रही हैं। साथ ही कहा कि हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है जैसे की हमने कोई अपराध किया है। मैं आपको बता रहा हूं कि जो भी हमारे संपर्क में आ रहा है उसकी भी जासूसी हो रही है।''

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग ने इस दौरान एथलीट सीमा अंतिल के बयान पर निराशा जताते हुए कहा कि उनकी बातों से हमें दुख हुआ है। सीमा अंतिल ने कहा था कि पहलवानों के विरोध के कारण ही शिविर और ट्रायल नहीं हो रहे जिससे खेल को नुकसान हो रहा है। इसी को लेकर बजरंग ने कहा, ''मुझे समझ नहीं आ रहा है कि वह बृजभूषण पर खेल को नुकसान पहुंचने की जगह हम पर ही आरोप क्यों लगा रही है। यह बहुत अजीब है कि एक खिलाड़ी होने के बाद भी वह स्थिति को समझ नहीं रही है।'' बजरंग ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि उन्होंने जो कहा वह कहना चाहिए था। हम उनका सम्मान करते हैं, वह एक अच्छी एथलीट है पर उन्हें बयान देने से पहले सोचना चाहिए था।'' बजरंग ने इसके साथ ही डब्ल्यूएफआई में वित्तीय गड़बड़ी की आशंका भी जतायी है और साथ ही कहा, '' यह जांच होनी चाहिये कि कुश्ती महासंघ किस प्रकार टाटा समूह द्वारा दिये धन को खर्च कर रहा है।''

## अफगानिस्तान के सीरीज के बीच ही भारत दौरे के कार्यक्रम को बीसीबी ने स्वीकार किया : यूनुस

**लंदन (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम अपने बांग्लादेश दौरे के बीच में ही समय निकालकर भारत में भी सीरीज खेलेगी। अफगानिस्तान को अगले महीने दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलने के लिए बांग्लादेश जाना है पर इस दौरे के एक एक टेस्ट को कम कर दिया गया है। यह खुलासा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के क्रिकेट परिचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने किया है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने हमसे अनुरोध किया था कि उनकी टीम एक टेस्ट ही खेलना चाहती है। इसके बाद वह भारत में एक सीरीज खेलने जाएगी और वापसी पर बांग्लादेश में बचे हुए मैच खेलेगी। साथ ही कहा कि हमने इस कार्यक्रम को अपनी सहमति दे दी है।

यूनुस ने कहा, ''अफगानिस्तान के साथ हमारे दो टेस्ट थे पर हमने इसमें से एक टेस्ट को कम कर दिया है और अब हम एक टेस्ट के साथ तीन एकदिवसीय और दो टी20 मैच खेलेंगे। हम अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के साथ बात कर रहे हैं और उम्मीद है कि एक या दो दिन के भीतर हम आयोजन स्थल पर कोई फैसला कर लेंगे। उन्होंने कहा, ''एसीबी एक प्रारूप खेलने के बाद टीम को भारत जाना चाहते थे। भारत में खेलने के बाद वे शेष सत्र में खेलने के लिए वापसी बांग्लादेश लौटेंगे।

# लखनऊ के स्पिन आक्रमण के सामने सनराइजर्स के बल्लेबाजों की होगी कड़ी परीक्षा

**हैदराबाद।(एजेंसी)।** पिछले मैच में अप्रत्याशित जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें जगाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद टीम के बल्लेबाजों की शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के स्पिनरों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। लखनऊ ने पिछले तीन में से दो मैच गंवाए हैं लेकिन यदि वह एडेन मार्करम की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम को हरा देता है तो फिर वह शीर्ष चार में जगह बना देगा। जहां तक सनराइजर्स की टीम की बात है तो वह 10 टीमों की अंक तालिका में अभी 10 मैचों में आठ अंक लेकर नौवें स्थान पर है। क्रुणाल पंड्या की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम 11 मैचों में 11 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

उप्पल का विकेट हालांकि धीमी गति के गेंदबाजों को मदद पहुंचाता रहा है और ऐसे में स्पिनरों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ केपास रवि बिश्नोई, अनुभवी अमित मिश्रा और कप्तान क्रुणाल के रूप में उपयोगी स्पिन तिकड़ी है जिनके सामने सनराइजर्स के बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ सकता है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी तीन विदेशी खिलाड़ियों एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन और ग्लेन फिलिप्स पर निर्भर है। फिलिप्स ने 13.25 करोड़ रुपए में बिके हैरी ब्रूक के नहीं चल पाने के कारण अंतिम एकादश में जगह बनाई। अगर स्पिनरों की बात की जाए तो लखनऊ का पलड़ा हैदराबाद पर भारी लगता है। वाशिंगटन सुंदर के चोटिल हो जाने से सनराइजर्स का स्पिन विभाग कमजोर पड़ा है। उसकी तरफ से केवल एक स्पिनर मयंक मारकंडे ही अब तक अच्छा प्रदर्शन कर पाया है। हैदराबाद की टीम कागजों पर मजबूत नजर आती है लेकिन उसे दो प्रमुख भारतीय बल्लेबाजों मयंक अग्रवाल (9 मैच 187 रन) और राहुल त्रिपाठी (10 मैच में 237 रन) की खराब फॉर्म का नुकसान उठाना पड़ रहा है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों में क्लासेन (185.34) के अलावा अभिषेक शर्मा (152.63) ही 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बना पाए हैं। जहां तक लखनऊ की बल्लेबाजी का सवाल है तो कप्तान केएल राहुल की चोट से टीम को खास नुकसान नहीं हुआ है क्योंकि शीर्ष क्रम में क्विंटन डी कॉक और काइल मायर्स शुरू से ही लप्पेबाजी करने में माहिर हैं। मध्यक्रम में मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन जैसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने अभी तक कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। आयुष बडोनी ने भी प्रभाव छोड़ा है लेकिन वह लखनऊ का धीमा विकेट था जिस पर उसके बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाए।

### पिछले साल की तरह ही इस बार भी एक ही टीम के खिलाड़ियों को मिल सकती है पर्पल और ऑरेंज कैप

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में भी पिछले सत्र की ही तरह एक ही टीम के खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप मिलने की संभावना है। इसका कारण ये है कि अबतक सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की रेस में राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी शीर्ष पर मौजूद आरसीबी के फाफ डुप्लेसी से केवल एक रन पीछे हैं। डु?प्लेसी के 576 और यशस्वी के 575 रन हैं। जिस प्रकार यशस्वी रन बना रहे हैं। ऐसे में उनका शीर्ष पर पहुंचना तय है। वहीं गेंदबाजी में रॉयल्स के ही युजवेंद्र चहल सबसे अधिक विकेट के साथ ही पर्पल कैप की रैस में सबसे आगे हैं। राजस्थान के चहल और यशस्वी अगर पर्पल और ऑरेंज कैप हासिल करते हैं तो इस सत्र में भी पिछले सत्र की ही तरह के ही परिणाम रहेंगे। आईपीएल के पिछले सत्र में एक ही फ्रेंचाइजी के दो खिलाड़ियों ने ऑरेंज और पर्पल कैप हासिल की थी। पिछले सत्र में रायल्स के जोस बटलर ने ऑरेंज और चहल ने पर्पल कैप हासिल की थी। आईपीएल 2022 के पहले भी दो बार एक ही टीम के खिलाड़ियों ने ऑरेंज और पर्पल कैप जीती थी।

## यशस्वी ने सबसे तेज अर्धशतक लगाकर राहुल का रिकॉर्ड तोड़ा

कोलकाता । राजस्थान रॉयल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल का बल्ला जमकर चल रहा है। यशस्वी ने यहां ने यहां ईडन गार्डन पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले में सबसे तेज पचास रन पूरे करने के साथ ही लोकेश राहुल का रिकार्ड तोड़ दिया। यशस्वी ने केवल 13 गेंदों में ही 7 चौके और तीन छक्के लगाकर अर्धशतक लगा दिया जबकि अब तक के सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड राहुल के नाम था। राहुल ने मोहाली में साल 2018 में 14 गेंदों पर ही अर्धशतक लगाया था। वहीं तीसरे नंबर पर केकेआर के पैट कमिंस हैं। कमिंस ने साल 2022 में पुणे में 14 गेंदों में ही अर्धशतक लगाया था। आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों में यशस्वी अब पहले जबकि राहुल दूसरे और कमिंस तीसरे नंबर पर हैं। केकेआर के खिलाफ मैच में यशस्वी ने पहले ही ओवर में 26 रन बनाए। यह आईपीएल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड था। इससे पहले साल 2011 सत्र में आरसीबी ने मुंबई के खिलाफ खेलते हुए पहले ही ओवर में 27 रन बनाए थे। इस युवा बल्लेबाज के लिए यह आईपीएल सत्र काफी अच्छा रहा है। वह सबसे अधिक रनों के मामले में दूसरे स्थान पर आ गए थे। उनके नाम अब इस सत्र में चार अर्धशतक और एक शतक हो गये हैं। वह सत्र में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं।

# पीसीबी ने एशिया कप के लिए भारत को तटस्थ स्थल का प्रस्ताव दिया

### – नहीं खेलने पर विश्वकप से बाहर रहने की धमकी दी

**कराची (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने जहां एशिया कप के लिए पाकिस्तान जाने से इंकार कर दिया है। वहीं पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अनुसार भारतीय टीम को तटस्थ स्थल पर खेलने का प्रस्ताव दिया गया है। एशिया कप सितंबर में पाक में खेला जाना है पर भारतीय टीम के इंकार के बाद इसके आयोजन पर सवाल उठने लगे हैं और ये भी कहा जा रहा है कि एशिया कप किसी अन्य देश में होगा पर पीसीबी इसके लिए तैयार नहीं है। इसके साथ ही उसने धमकी दी है कि अगर भारतीय टीम पाक नहीं आती तो वे भी अपनी टीम विश्वकप के लिए नहीं भेजेंगे। पीसीबी ने बीसीसीआई को तटस्थ स्थल का प्रस्ताव दिया है पर उस पर भी अभी तक सहमति नहीं बनी है। वहीं भारत में अक्टूबर-नवंबर में एकदिवसीय विश्वकप होना है। ऐसे में पीसीबी ने साफ कर दिया है कि यदि भारतीय टीम पाक नहीं आती है, तो हम भी विश्वकप कप खेलने भारत नहीं जाएंगे। पीसीबी के चेयरमैन नजम सेठी ने कहा कि एशिया कप के मुकाबले हाईब्रिड मॉडल पर इसलिए कराए जा रहे हैं कि ताकि एक खाका तैयार किया जा सके। इससे पाकिस्तान को भी विश्वकप खेलने के लिए भारत नहीं जाना होगा। वहीं 2025 में पाक होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया को पाक नहीं आना होगा। इस प्रकार दोनो बोर्ड के बीच टकराव से तीन टूर्नामेंट खतरे में आ गये हैं।

सेठी ने कहा कि अगर भारत एशिया कप के लिए अब तटस्थ स्थल चाहता है और हाईब्रिड मॉडल को स्वीकार करता है, तो हम भी विश्वकप में उसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करेंगे। ऐसे में पाक भी अपने विश्वकप कप के मैच ढाका या किसी अन्य स्थान पर खेल सकता है, जिसके लिए भारत सहमत है और इसी तरह चैंपियंस ट्रॉफी में भी। अन्य सभी देश पाक में खेल सकते हैं पर भारत तटस्थ स्थान पर खेल सकता है.

एशिया कप के स्थल को लेकर सेठी ने कहा कि इस बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि यह यूएई या श्रीलंका होगा या किसी तीसरे स्थान पर इसका आयोजन होगा। सवाल यह है कि क्या हमारे द्वारा प्रस्तावित हाईब्रिड मॉडल स्वीकार हैं या नहीं। अगर एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) सभी मैच पाक से बाहर रखती है तो हम इसमें नहीं खेलेंगे।

# पूर्व कोच रवि शास्त्री का बयान, कहा- टी20 विश्व कप की टीम के चयन में हार्दिक पांड्या के सुझाव को मिलेगी तवज्जो

**लखनऊ (एजेंसी)।** इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग का खुमार देश भर में बढ़ चढ़कर बोल रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रही है। इसी बीच प्लेऑफ की दौड़ भी अब तेज होने लगी है। आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए सभी टीमें लगातार मेहनत करती दिख रही है। इसी बीच पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अगले वर्ष होने वाले टी20 विश्व कप को लेकर नई बहस शुरु कर दी है। उन्होंने कहा है कि अगले साल टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में कई नये चेहरों को जगह मिल सकती है। इन नए चेहरों के चयन में कप्तान हार्दिक पांड्या की बातों को भी सिलेक्शन कमेटी तवज्जो देगी। गौरतलब है कि टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अब भी टी20 टीम की योजना में बने हुए हैं लेकिन पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद सीनियर खिलाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बाहर करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। इस संबंध में रवि शास्त्री ने कहा, ''मुझे लगता है कि वे नये खिलाड़ियों को टीम में मौका ही देने पर विचार करेंगे।'' इस पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, ''भारत के युवाओं में प्रतिभा भरी पड़ी है और टी 20 विश्व कप आ रहा है। वर्तमान में जारी आईपीएल में कई शानदार खिलाड़ियों और उनकी प्रतिभा देखने को मिली है। यह पूरी तरह नयी टीम नहीं होगी लेकिन इसमें कई नये चेहरे होंगे। वह (हार्दिक) पहले से ही इस प्रारूप में भारत के कप्तान हैं। अगर फिटनेस समस्या नहीं हुई तो वह टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।'' शास्त्री को लगता है कि 2007 के विश्व कप की तरह आगामी टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। उस समय महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में युवाओं से भरी भारतीय टीम ने विश्व कप का खिताब जीता था।'' शास्त्री का मानना है, '' भारतीय टीम प्रबंधन फिर से 2007 टी20 विश्व कप के रास्ते पर चलेगा। वे प्रतिभा की पहचान करेंगे और उनके पास विकल्प की कोई कमी नहीं होगी। ऐसे खिलाड़ियों का भी विकल्प होगा जो आईपीएल टीमों की कप्तानी कर चुके होगे।'' शास्त्री ने कहा कि हार्दिक के साथ

अच्छी बात यह है कि उनके साथ कार्यभार प्रबंधन की समस्या नहीं है। पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी के बाद से हार्दिक टेस्ट मैच नहीं खेल रहे है। शास्त्री ने कहा, ''फिलहाल हार्दिक के साथ कार्यभार प्रबंधन की कोई समस्या नहीं है।

## ओडिशा एफसी ने अमरिंदर सिंह का अनुबंध 2026 तक बढ़ाया

भुवनेश्वर। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की फ्रेंचाइजी ओडिशा एफसी ने गोलकीपर अमरिंदर सिंह का अनुबंध 2026 तक बढ़ा दिया है। क्लब ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घोषणा ओडिशा एफसी के आईएसएल में सफल अभियान तथा सुपर कप चैंपियन बनने के बाद की गई है। अमरिंदर ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें सुपर कप में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया था। अमरिंदर ने तीन देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया जहां उन्हें गुरप्रीत सिंह संधू के साथ सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर आंका गया था। ओडिशा एफसी की टीमअगले सत्र में एएफसी कप में खेलेगी और उसमें क्लब की सफलता काफी हद तक अमरिंदर के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

## तीन पदक पक्के करने के बाद भारत को लग झटका, विश्व चैम्पियनशिप से वॉकओवर कर कांस्य पदक से किया संतोष

ताशकंद। भारतीय मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन को विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले से नाम वापिस ले लिया। निजामाबाद के 29 वर्ष के हुसामुद्दीन को बुल्गारिया के जे डियाज इबानेज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने एक बयान में कहा, '' हुसामुद्दीन को चोट के कारण विरोधी को वॉकओवर देना पड़ा। उसे कांस्य पदक से ही संतोष करना होगा। उसे क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान चोट लगी थी और उसे आगे नहीं खेलने की सलाह मिली थी।'' हुसामुद्दीन पहली बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रहे हैं। उन्हें सेमीफाइनल में क्यूबा के सेडेल होर्टा से खेलना था।

## चहल बने आईपीएल के शीर्ष गेंदबाज , ब्रावो दूसरे नंबर पर खिसके

कोलकाता । राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। चहल ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितीश राणा का विकेट लेने के साथ ही यह अहम उपलब्धि अपने नाम की है। चहल के नाम अब 142 पारियों में ही 184 विकेट हो गये हैं। वहीं इससे पहले सीएसके के ड्वेन ब्रावो के नाम 158 पारियो में 183 विकेट लेने का रिकार्ड था और वह पहले नंबर पर थे। चहल ने केवल 142 पारियों में ही अपने 184 विकेट पूरे किये हैं। चहल ने एक मैच में 5 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उनके नाम पांच बार किसी एक मैच में 4 विकेट लेने का रिकार्ड है। वहीं चहल ने इकॉनमी रेट और औसत के मामले में भी ब्रावो को पीछे छोड़ा है। चहल का इकॉनमी रेट 7.66 का है और उनके विकेट लेने का औसत 21.59 की है। वहीं ब्रावो का इकॉनमी रेट 8.38 और औसत 23.82 की है। आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में युजवेंद्र चहल 142 पारियां में 184 विकेट के साथ ही पहले नंबर पर हैं। वहीं वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो 158 पारियां में 183 विकेट लेकर दूसरे जबकि पीयूष चावला 175 पारियां में 174 विकेट व अमित मिश्रा- 172 विकेट लेकर तीसरे व चौथे नंबर पर हैं। 193 पारियां में 171 विकेट लेकर आर अश्विन पांचवें नंबर पर हैं।

# बीडब्ल्यूएफ ने बदले रूल, अब नये स्पिन सर्विस पर लगाया अंतरिम प्रतिबंध

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में नयी 'स्पिन सर्वस' की बढ़ती लोकप्रियता के बीच इस खेल की वैश्विक शासी निकाय बीडब्ल्यूएफ ने 29 मई 2023 तक इस पर अंतरिम प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। डेनमार्क के युगल खिलाड़ी मार्कस रिंडशोज ने पिछले महीने पोलिश ओपन में इस स्पिन सर्विस से अंक अर्जित किए और तभी से विश्व भर के खिलाड़ी इसमें अपना हाथ आजमाने की कोशिश कर रहे हैं।

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के बयान के मुताबिक, '' बीडब्ल्यूएफ परिषद ने तत्काल प्रभावी 29 मई 2023 तक नये स्पिन सर्व के उपयोग पर रोक लगाने के लिए बैडमिंटन के नियमों में प्रायोगिक बदलाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।'' इसमें कहा गया, '' यह अंतरिम प्रतिबंध बीडब्ल्यूएफ के सभी स्वीकृत अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों पर लागू होगा, जिसमें रविवार 14 मई से शुरू होने वाला सुदीरमन कप फाइनल और अगले सप्ताह प्रस्तावित मलेशिया मास्टर्स 2023 भी शामिल है।'' स्पिन सर्विस में खिलाड़ी शटलकॉक के कॉर्क को अपने अंगूठे और बीच की उंगली के बीच में रखता है और फिर उसे रैकेट से मारने के समय कैरम स्ट्राइक की गति से उसे स्पिन कराने की कोशिश करता है।

विरोधी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह की सर्विस को वापस करना मुश्किल होता है। बीडब्ल्यूएफ के बयान के मुताबिक, '' बैडमिंटन के बीडब्ल्यूएफ कानून की धारा 4.1 के 9.1.5 के संशोधन में अब कहा गया है कि सर्विस करने वाला खिलाड़ी बिना स्पिन की मदद लिये शटल को रैकेट से हिट करेगा। इसके पालन में किसी भी विफलता को 'फॉल्ट' माना जायेगा।'' बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पोल-एरिक हॉयर ने कहा, ''बीडब्ल्यूएफ हमारे खेल में नवाचार करने वाले खिलाड़ियों का स्वागत करता है और कोर्ट पर प्रतिस्पर्धा को बनाये रखने के लिए तकनीकों के प्रयोग का समर्थन करता है।''

उन्होंने कहा, ''हमें हालांकि बीडब्ल्यूएफ एथलीट आयोग सहित बैडमिंटन समुदाय से ऐसी प्रतिक्रिया मिली जिसमें कहा गया है कि यह 'स्पिन सर्विस' खेल पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह देखा गया है कि यह 'साइडेक सर्विस' (राशिद साइडक के नाम पर) से काफी मिलता जुलता है, जिस पर प्रतिबंध है।

# जल्द ही फिल्म उलझ में नजर आएंगी जाह्नवी

जल्द ही जाह्नवी कपूर फिल्म उलझ में दिखाई देंगी। जाह्नवी कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया है। इस फिल्म में जाह्नवी ढ्ढस्न्र-ऑफिसर का रोल करेंगी। डायरेक्टर और नेशनल अवॉर्ड विनर सुधांशु सरिया फिल्म के डायरेक्टर हैं और जंगली पिक्चर्स ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। फिल्म में जाह्नवी के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी नजर आएंगे। फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए जाह्नवी ने लिखा- डिप्लोमेसी की दुनिया में राज बहुत महंगे होते हैं। उन्होंने आगे लिखा- इस महीने फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। जाह्नवी के इस पोस्ट पर अनिल कपूर और मनीष मल्होत्रा ने भी रियेक्ट किया है।

**IFS ऑफिसर की जिंदगी की चुनौतियों पर बेस्ड है फिल्म**

फिल्म की कहानी एक ऐसी ढ्ढस्न्र-ऑफिसर की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है जिनके परिवार में भी देशभक्ति का जूनून सवार है। लेकिन, अपने करियर के सबसे जरूरी मोड़ पर जाह्नवी एक साजिश का शिकार हो जाती हैं और उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है। फिल्म के बारे में मीडिया से बात करते हुए जाह्नवी ने बताया- एक एक्टर के तौर पर मुझे फिल्म की स्क्रिप्ट देखते ही पसंद आ गई। मैं ऐसी फिल्में करना चाहती हूं जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर ला सकें, उलझ की स्क्रिप्ट बिल्कुल वैसी ही है। सरिया और परवेज शेख ने फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी है और डायलॉग्स अतिका चौहान के हैं। फिल्म में राजेश तैलांग, मियांग चंग, सचिन खेड़ेकर, राजेंद्र गुप्ता और जीतेंद्र जोशी भी दिखेंगे। वहीं डायरेक्टर सुधांशु सरिया ने फिल्म के बारे में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वो जंगली पिक्चर्स के साथ एक ओरिजिनल फिल्म के लिए कोलैब करते हुए बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा- जाह्नवी कपूर के फिल्म में कास्ट होने से फिल्म को जैसे जान मिल गई। ऑडियंस को राजेश तैलंग, मियांग चेंग, सचिन खेड़ेकर जैसे एक्टर्स के साथ जाह्नवी की परफॉरमेंस जरूर पसंद आएगी।

# द केरल स्टोरी की सक्सेस पर बोलीं अदा शर्मा

द केरल स्टोरी हर दिन कमाई के नए आंकड़े छू रही है। कर्नाटक और बंगाल जैसे राज्य में बैन होने के बावजूद फिल्म ने अब तक तकरीबन 67.42 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है, हालांकि अभी ऑफिशियल कलेक्शन नहीं आया है। इस बीच मंगलवार को फिल्म की लीड अदा शर्मा ने फिल्म की सक्सेस पर बात की। फिल्म को लेकर एक्सपीरिएंस शेयर करते हुए अदा ने बताया कि शालिनी उन्नीकृष्णन के किरदार ने उन्हें शारीरिक और भावनात्मक तौर पर तोड़ दिया था। उनके दिल पर इस किरदार का असर बेहद गहरा रहा है।

**द केरल स्टोरी ने मुझे इमोशनली और फिजिकली झकझोर दिया है**

ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में अदा से सवाल किया गया कि - आपको इस किरदार ने कितना प्रभावित किया? इस पर उन्होंने कहा- मुझे इस किरदार ने फिजिकली और इमोशनली दोनों तरह से प्रभावित किया है। इनके निशान मेरे दिल तक पहुंचे हैं, ऐसे निशान जो कभी भी मिट नहीं पाएंगे।

**फिल्म बैकग्राउंड से न होने के बावजूद प्यार मिला, वाकई उम्मीद नहीं थी**

फिल्म की सक्सेस के बारे में बात करते अदा ने कहा- फिल्मी बैकग्राउंड से न आने के बावजूद मुझे जो प्यार मिला, मुझे वाकई इसकी उम्मीद नहीं थी। पूरा देश आज मेरा हौसला बढ़ा रहा है। मैं बेहद शुक्रगुजार हूं। यह ऐसा मौका है जब मैं अपनी खुशी जाहिर नहीं कर पा रही।'

**फिल्म के मैसेज शायद कई लड़कियों की जिंदगी बचा पाए**

फिल्म में दिए मैसेज के बारे में बात करते हुए अदा ने कहा- 'फिल्म के जरिए हमने जो मैसेज देने की कोशिश की है, वो शायद कई लड़कियों की जिंदगी बचा पाएगा। ऑडियंस से हमें जो प्यार मिला, वो वाकई बहुत बड़ी बात है। मुझे बेहद खुशी होती है।'

**आतंकवाद का मुद्दा वकाई खतरनाक है**

अदा से सवाल किया गया- 'यह फिल्म खुद में एक सेंसिटिव और डिस्टर्बिंग मुद्दे को उठाती है, जिसमें इस्लामिक कन्वर्जन की कहानी है। ऐसे में फिल्म को करने में आपको कोई हिचक हुई?' जवाब में अदा ने कहा- पहले दिन स्क्रिप्ट पढ़ने से लेकर फिल्म की शूटिंग तक, द केरल स्टोरी की कहानी एक ऐसी लड़की की थी, जो ढ्ढस्ढ्ढस्-में धकेल दी जाती है। इस दौरान उसे आतंकवाद का भयानक रूप देखने को मिलता है। आतंकवाद वाकई एक खतरनाक मुद्दा है, लेकिन किसी न किसी को तो यह कहानी दिखानी ही थी।

**कोई भी फैसला करने से पहले 2 बार सोचना चाहिए**

इस तरह के ट्रैप में फंसी लड़कियों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने लड़कियों को सलाह दी और कहा- 'जिंदगी में कोई भी सिचुएशन हो। चाहे वो कोई भी फैसला हो- बड़ा या छोटा। लड़की होने के नाते आपको दो बार सोचना चाहिए। अपने परिवार से सलाह लेनी चाहिए।'

**इस कहानी के जरिए कहानियों को अपनी आवाज मिली**

सफलता के बारे मे खुशी जाहिर करते हुए अदा ने कहा- 'यह जानने के बाद कि द केरल स्टोरी कई महिलाओं की जिंदगी बदल देगी। मुझे वाकई बेहद खुशी हुई है। इस फिल्म के जरिए कई अनसुनी कहानियों को अपनी आवाज मिली है। यही मेरा असल सेलिब्रेशन है।'



# सोनू सूद की फतेह में दिखेगा जबरदस्त एक्शन

**बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद अपनी आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म फतेह के लिए पूरी तरह तैयार हैं। साइबर क्राइम पर आधारित इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडिस नजर आने वाली हैं। ये फिल्म एक्शन के मामले में काफी बड़ी होने वाली है। फिल्म में पहले कभी नहीं देखे गए एक्शन सीक्वेंस होंगे।**

फिल्म में ली व्हिटेकर को लॉस एंजिल्स से एक्शन सीन्स पर काम करने के लिए एक विशेष टीम का नेतृत्व करने के लिए लाया गया है। ली व्हिटेकर के पास जुरासिक पार्क 3, फास्ट एंड फ्यूरियस 5, एक्स-मैन एपोकैलिप्स, पर्ल हार्बर, बाहुबली 2, और कई अन्य फिल्मों सहित काम का एक प्रभावशाली अनुभव है। सोनू सूद ने एलए की विशेष टीम की मदद से दर्शकों के सामने कुछ ऐसा पेश करके एक कलाकार के रूप में खुद को आगे बढ़ाने और खुद को चुनौती देने के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। सोनू सूद ने कुछ इस तरह पोस्ट कर जानकारी साझा की है। सोनू सूद कहते हैं, मेरा मानना है कि एक्शन थ्रिलर जनता के बीच पसंदीदा हैं। फतेह के साथ, मैं एक कलाकार के रूप में खुद को चुनौती देने और कुछ ऐसा देने के लिए दृढ़ हूं, जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा है। ली व्हिटेकर और बाकी टीम ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। कुछ अविश्वसनीय एक्शन सीक्वेंस बनाने में जिन्हें हम पर्दे पर दिखाने के लिए उत्साहित हैं। बता दें कि फिल्म फतेह का निर्देशन वैभव मिश्रा कर रहे हैं। फिल्म में सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडिस के अलावा शिवज्योति राजपूत और विजय राज भी अहम किरदार में हैं। यह फिल्म साल 2023 के अंत में रिलीज हो सकती है।



# साउथ सिनेमा में अभिनय की पारी खेलने को तैयार अर्जुन

रॉक ऑन, ओम शांति ओम, डॉन जैसी फिल्मों में अभिनय कर अर्जुन रामपाल ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। अब वह तेलुगू फिल्म में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण के साथ निर्देशक अनिल रविपुडी की अगली फिल्म में खास भूमिका निभाएंगे, जो जनता के प्रतिनिधि का किरदार होगा। अर्जुन रामपाल दो दशकों से अधिक समय से हिंदी फिल्म उद्योग का हिस्सा हैं। वह पहले पवन कल्याण की हरि हारा वीरा मल्लू के साथ तेलुगू सिनेमा में प्रवेश करने वाले थे, लेकिन तारीखों और समय में तालमेल न हो पाने के कारण उन्हें इस प्रोजेक्ट से अपने हाथ पीछे खींचने पड़े। अब वह रामपाल नंदामुरी बालकृष्ण की NBK108 के साथ तेलुगू में अपनी शुरुआत करेंगे, जिसकी आधिकारिक घोषणा उन्होंने सोशल मीडिया पर की है। अर्जुन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा करते हुए इस बात की जानकारी दी। वीडियो में अभिनेता और NBK108 के निर्देशक अनिल रविपुडी बातचीत करते नजर आ रहे हैं और अभिनेता ने अनिल को उन्हें अपनी फिल्म में साइन करने के लिए धन्यवाद भी दिया। इसके साथ ही अर्जुन ने NBK108 का एक पोस्टर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में अभिनेता ने लिखा, टीम NBK108 के साथ अपना साउथ डेब्यू कर रहा हूं। सुपर नर्वस और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। मैं आपसे वादा करता हूं कि यह बहुत सारी मस्ती के साथ एक अच्छी यात्रा होने जा रही है। मुझे फिल्म में रखने के लिए टीम का धन्यवाद। रिपोर्ट्स के अनुसार, आज अर्जुन रामपाल इस फिल्म की शूटिंग के लिए हैदराबाद पहुंच चुके हैं।



# द केरला स्टोरी पर अनुराग कश्यप ने कहा बैन करना बिल्कुल गलत

फिल्म मेकर अनुराग कश्यप ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द केरला स्टोरी पर लगे बैन को लेकर बात की है। कश्यप ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में द केरला स्टोरी के बैन पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, आप फिल्म से सहमत हों या नहीं, चाहे वह प्रचार हो या प्रोपैगेंडा, इस पर प्रतिबंध लगाना गलत है। उन्होंने फ्रांसीसी दार्शनिक वोल्टायर का एक उद्धरण भी साझा किया, जिसमें लिखा था- मैं आपकी बातों से सहमत नहीं हूं, लेकिन मैं इसे कहने के आपके अधिकार की अंत तक रक्षा करूंगा। द केरला स्टोरी फिलहाल विवादों में है क्योंकि फिल्म के ट्रेलर में दावा किया गया है कि केरल की 32,000 लड़कियां लापता हो गईं और आतंकवादी समूह आईएसआईएस में शामिल हो गईं। बाद में फिल्म के मेकर्स ने इसे बदलकर तीन महिला कर दिया। अनुराग कश्यप ने ट्वीट किया कि किसी फिल्म पर प्रतिबंध लगाना बिल्कुल गलत है, भले ही यह प्रोपेगैंडा हो। उन्होंने लोगों से अफवाह देखने को कहा, जो सोशल मीडिया के दुरुपयोग के खिलाफ बात करती है और नफरत और अशांति पैदा करने के लिए निहित पूर्वाग्रह को कैसे हथियार बनाया जाता है। उन्होंने ट्वीट किया, आप दुष्प्रचार से लड़ना चाहते हैं। फिर अफवाह जाकर देखें जो सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर बात करती है। यह सिनेमाघरों में चल रही है। आपकी आवाज मजबूत है। जाओ एक मुद्दा बनाओ। लड़ने का यही सही तरीका है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में राज्य के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि फिल्म द केरला स्टोरी को सभी स्क्रीन से हटा दिया जाए।

# टाइम मैगजीन के कवर पर बॉस लेडी बन छाईं दीपिका

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की जानी-मानी कलाकार हैं। वह कई बार विदेशी धरती पर भारत का मान बढ़ा चुकी हैं। अभिनेत्री ने एक बार फिर आज कुछ ऐसा कर दिखाया है कि जिसे देख सभी को उन पर गर्व हो रहा है। दरअसल, दीपिका पादुकोण की तस्वीर टाइम मैगजीन के कवर पर आई है, जिसने उन्हें ग्लोबल स्टार की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। दीपिका को अपने काम से दुनिया को बॉलीवुड में लाने का क्रेडिट दिया जाता है। साल 2018 में, वह पत्रिका द्वारा अपनी 100 सबसे प्रभावशाली सूची में सम्मिलित किए गए 100 लोगों में भी शामिल थीं। दीपिका पादुकोण एक ग्लोबल स्टार बन गई हैं। टाइम मैगजीन के नए संस्करण में कवर पर अभिनेत्री की तस्वीर है, जिसमें वह कोट पैंट पहने दिखाई दे रही हैं। इंटरव्यू में जब दीपिका से पूछा गया कि क्या पर हॉलीवुड में एंट्री करने जा रही हैं, तो अभिनेत्री ने कहा, मेरा मिशन हमेशा अपने देश में रहकर विदेश में प्रभाव बनाना रहा है। अपनी सफलता पर विचार करने पर, अभिनेत्री ने कहा, मेरे पास यहां पहुंचने का कोई गेम प्लान नहीं था, लेकिन मैंने अपने जो सोचा था उसमें असफलता नहीं देखी।

# टाइगर 23 मई से शुरू करेंगे मिशन ईगल की शूटिंग

**बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म मिशन ईगल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। एक्टर इसकी तैयारी में जुट गए हैं, और इसी महीने यूके के ल्यूटन में शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के अपोजिट सारा अली खान नजर आने वाली हैं। साथ ही इसका निर्देशन जगत शक्ति कर रहे हैं।**

टाइगर श्रॉफ फैंस के बीच अपने बेहतरीन एक्शन और शानदार डांस के लिए पॉपुलर हैं। बागी, हीरोपंती और वॉर जैसी फिल्मों में काम कर चुके एक्टर के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर फैंस का बज हाई है। इसी कड़ी में टाइगर की फिल्म मिशन ईगल को लेकर बड़ा अपडेट आया है। 23 मई से एक्टर, ल्यूटन में इसकी शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। मिशन ईगल की तैयारी के लिए टाइगर श्रॉफ ने अपने बाल बढ़ा लिये हैं, जिससे उनके फैंस बेहद दंग हैं। मिशन ईगल का पहला लुक हाल ही में सामने आया था और प्रशंसकों ने इसे खूब पसंद किया। वायरल तस्वीर में टाइगर को इंटेंस अवतार में दिखाया गया है, जिसमें वह लंबे बाल, चांदी की चेन के साथ काले रंग की टीशर्ट पहने नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही एक्टर हाथ में चाकू पकड़े देखे जा सकते हैं। टाइगर के चेहरे की शातिर मुस्कान इसे और ज्यादा आकर्षक बना रही है।



# आयशा जुल्का ने बताई फिल्में छोड़ने की वजह

खिलाड़ी, जो जीता वही सिकंदर और मासूम जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस आयशा जुल्का को बड़े पर्दे पर आए हुए काफी समय हो चुका है। उन्हें आखिरी बार फिल्म जीनियस में देखा गया था। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने के पीछे की वजह बताई। उन्होंने कहा कि वो फिल्म में मिल रहे काम से असंतुष्ट थीं। वो किसी ग्लैमर गर्ल या सामान की तरह फिल्म में नहीं कास्ट होना चाहती थीं। आयशा ने बताया कि उन्हें ऐसा लगा कि भले ही फिल्मों में उनके किरदारों के नाम अलग-अलग होते थे, लेकिन वो सभी एक जैसे थे। जुल्का ने फिल्मों से ब्रेक लेने का कारण बताते हुए कहा- मुझे लगा कि अगर मैं खुद को किसी प्रोजेक्ट से जोड़ती हूं, तो मुझे उसमें कुछ खास करने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन यह तभी हो सकता है, जब मुझे अच्छा परफॉर्म करने का मौका दिया जाए। मगर ऐसा नहीं हो रहा था, यह वाकई मेरे लायक काम नहीं था। इसलिए मुझे एक्टिंग से दूरी बनानी पड़ी। अक्षय के साथ खिलाड़ी में काम करने के बाद जुल्का चाहती थीं कि उन्हें इंडस्ट्री में एक अलग पहचान मिले। उन्हें सिर्फ खूबसूरत लुक्स के लिए नहीं, बल्कि एक्टिंग के लिए भी जाना जाए। उन्होंने कहा- 'हर एक्ट्रेस अपग्रेड होना चाहती है। अपने एक्टिंग टैलेंट के लिए पहचान बनाना चाहती है। न कि ग्लैमर गर्ल के रूप में। मैं भी यही चाहती थी।' एक्ट्रेस ने आगे कहा- लेकिन इंडस्ट्री में ऐसा नहीं था। वहां हमसे केवल बार-बार कपड़े बदलने, डांस और गाना गाने, हीरो के साथ रोमांस करने की अपेक्षा की जाती थी। यह सब मुझे अच्छा नहीं लगा, जिस तरह का काम मुझे मिल रहा था मैं उससे संतुष्ट नहीं थी। इसलिए मैंने अपनी एनर्जी को कहीं और लगाने का फैसला किया।